RPR_Bhoomi_12_2024-01_Layout 1 5/12/2024 1:27 AM Page 1



हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- अमृत मिशन में नगर निगम ने लभांडी और फुंडहर में नई पानी टंकी बनाई
- पानी पहुंचाने नहीं बिछा पाए राइजिंग लाइन इंटरकनेक्शन भी नहीं किया
- भीषण गर्मी में शोपीस बनी करोड़ों खर्च कर बनाई गई 2 नई पानी टंकी



## टंकी खाली छोड़ने पर दीवार चटकने का खतरा लीकेज की आशंका

लभांडी में निर्मित पानी टंकी को यदि गर्मी में खाली छोड़ा जाता है, तो टंकी की दीवारें चटक जायेंगी, इससे लीकेज का खतरा बढ़ेगा। नई पानी टंकी को भरने राइजिंग लाइन नहीं बिछा पाने से इसमें फिल्टर प्लांट से पानी नहीं भरा जा सकता। पहले इस टंकी को भरने गांव के नवा तालाब से पानी लाकर भरने की तैयारी थी, पर वार्ड पार्षद धनेश बंजारे और शेष पेज 12 पर

# करोड़ों की टंकी बनी पर पानी नहीं, चटकने से बचाने के लिए भरा जाएगा टैंकर से

प्रदीप शर्मा ▶▶ रायपुर

खास खबर

शहर के आउटर में स्थित विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर में लोगों की प्यास बुझाने अमृत मिशन के तहत करोड़ों खर्च कर नगर निगम ने नई पानी टंकी बनवाई, पर पानी पहुंचाने राइजिंग लाइन नहीं बिछा पाया। यही नहीं, नई पानी टंकी से इंटर कनेक्शन का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया। ऐसे में तेज गर्मी में नई टंकी को चटकने से बचाने टैंकर से शेष पेज 12 पर

## फुंडहर की नई पानी टंकी बनी शोपीस राइजिंग लाइन नहीं बिछा पाए

लभांडी की तरह फुंडहर गांव में लोगों की प्यास बुझाने नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत नई पानी टंकी का निर्माण कराया है, पर राइजिंग लाइन अब तक नहीं बिछ पाई। यहीं नहीं, लोगों के घरों शेष पेज 12 पर

### भेजा है प्रस्ताव

लभांडी और फुंडहर में नई पानी टंकी बनाने अमृत मिशन के तहत राशि मिली थी। फंड खत्म होने से राइजिंग लाइन बिछाने और इंटरकनेक्शन का काम नहीं हो पाया। इसके साथ ही स्कॉडा सिस्टम विकसित करना है। पंद्रहवें वित्त आयोग में इस कार्य के लिए 48 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है।

- **अंशुल शर्मा,** नोडल अधिकारी अमृत मिशन, नगर निगम रायपुर

### सूख रहा नवा तालाब, गहरीकरण सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव लंबित



लभांडी का नवा तालाब इस बार की गर्मी में सूखने की कगार पर है। तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव बनाकर जोन स्तर पर वार्ड पार्षद के माध्यम से भेजा गया। पार्षद धनेश बंजारे का कहना है, निगम कमिश्नर को 4 बार तालाब की सुध लेने ध्यान दिलाया, पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। 2 साल पहले भी गहरीकरण और पचरी निर्माण का काम कराया गया, पर आधा-अधूरा काम होने से इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पाया।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की बैटरी-तिरपाल चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** ट्रक से बैटरी और तिरपाल चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 9 मई रात की है। अज्ञात चोर गोंदवारा क्षेत्र में एमपी लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट यार्ड में प्रवेश कर वहां खड़े ट्रक की बैटरी और तिरपाल चोरी कर ले गए थे। घटना की रिपोर्ट शैलेंद्र पाल ने दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने मामले में मुखबिर की सूचना पर गोंदवारा ओवरब्रिज के पास दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें एक रामेश्वर साय पैकरा मूलतः ग्राम रंगारटोली थाना कांसाबेल जशपुर का निवासी है, जो वर्तमान में गांधी मैदान रायपुर में रहता है। दूसरा आरोपी बुद्धू सिंग मूलतः ग्राम कुम्हार मंडला मध्यप्रदेश का निवासी है, जो वर्तमान में ओवरब्रिज के नीचे गोंदवारा में रहता है।



### स्कूटी से शराब परिवहन करते धरा गया कोचिया

**रायपुर।** स्कूटी से शराब परिवहन करते एक व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है। राखी पुलिस को 11 मई को मुखबिर की सूचना मिली कि ग्राम तांदुल से गनौद की तरफ एक व्यक्ति स्कूटी वाहन से शराब अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहा है। सूचना के आधार पर बाइक सवार व्यक्ति को पकड़कर पुलिस ने वाहन की डिक्की से 33 पौवा देशी शराब जब्त की। आरोपी भागवत तारक ग्राम गनौद राखी का निवासी है। पुलिस ने इस मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### शराब पीने पैसे नहीं देने पर पीटा, गिरफ्तार

**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने की बात पर मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 9 मई की रात साढ़े 8 बजे की है। प्रार्थी सोहन वर्मा अपने साथी राजू वर्मा के साथ ड्यूटी से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी हसन खान उर्फ राजा निवासी गांधीनगर पंडरी आसिफ के साथ मिलकर उसके पास पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। इनकार करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान राजू ने जब बीचबचाव किया तो आरोपी ने चाकू से उस पर वार भी किया, जिससे उसे चोट आई। पुलिस ने हसन को धारा 294, 323, 327, 506, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। उसका साथी अभी फरार है।



## नियमों के खिलाफ चेन माउंटेन मशीन से कर रहे उत्खनन

# 13 में 6 घाट में ही खनन की अनुमति, छह हजार की रेत की कीमत पहुंची 16 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले की रेत खदानों में इन दिनों ढाई से तीन हजार की जगह 5 से 7 हजार रुपये दोगुनी कीमत पर रेत की लोडिंग की जा रही है। इसके कारण घाट से बाजार पहुंचने तक रेत की कीमत 16 हजार रुपये से भी अधिक पहुंच गई है। खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में 13 रेत घाट हैं, जिनमें से 6 घाटों को छत्तीसगढ़ पर्यावरण विभाग से अनुमति मिली है। इन घाटों में अभी रेत उत्खनन का काम चल रहा है। इधर सूत्रों के अनुसार जिन घाटों में वैध रूप से उत्खनन का काम चल रहा है, वहां भी नियम के खिलाफ चेन माउंटेन मशीनों से उत्खनन किया जा रहा है। साथ ही लोडिंग चार्ज भी कई गुना ज्यादा लिया जा रहा है। इसके कारण आम लोगों को एक हजार फीट हाईवा रेत जो लगभग 5 से 7 हजार रुपये में मिलना चाहिए, वह अब 16 हजार रुपये तक मिल पा रही है।

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि ने शनिवार को शहर में संचालित करीब आधा दर्जन रेत का कारोबार करने वाले ट्रेडर्स दुकानों में ग्राहक बनकर रेत के भाव शेष पेज 12 पर

### केस 1

पचपेड़ी नाका रिंग रोड नंबर-1 स्थित ट्रेडर्स के संचालक ने बताया कि अभी रेत मिलना मुश्किल है, क्योंकि ज्यादातर घाट बंद पड़े हैं। सप्लाई नहीं हो रही है। अगर रेत मिल भी जाएगी तो 16 रुपये फीट की कीमत पर मिलेगी। संचालक ने बताया कि रेत से हमारी कमाई कम हो गई है, क्योंकि घाट में लोडिंग चार्ज ही कई गुना बढ़ा दिया गया है। गाड़ी का किराया, डीजल, चालक का खर्च मिलाओं तो हमें ही बहुत कम कमीशन मिल पाता है। इसीलिए रेत का काम कम कर दिया है।

### केस 2

पुलिस लाइन स्थित फातेशाह मार्केट के सामने स्थित ट्रेडर्स के संचालक ने कहा कि रेत से जितना मुनाफा नहीं होता, उससे ज्यादा ग्राहकों से इसकी कीमत को लेकर माथापच्ची करनी पड़ती है। घाट से सप्लाई कम होने के कारण रेत मिल नहीं रही है, जिसके कारण रेत की कीमत 15 से 16 रुपये फीट चल रही है। यह कीमत आने वाले दिनों में और बढ़ेगी।



### केस 3

पचपेड़ी नाका स्थित श्री सांई ट्रेडर्स के संचालक ने कहा कि रेत मिल जाएगी। कीमत 15 से 16 रुपये फीट चल रही है, लेकिन दो दिन बाद ही रेत की सप्लाई हो पाएगी।

### केस 4

अमलीडीह स्थित ट्रेडर्स के कर्मचारी ने बताया कि रेत मिलना अभी मुश्किल है। ज्यादातर घाट बंद हैं, जिसके कारण सप्लाई नहीं की जा रही है। रेत का भाव 15 रुपये फीट चल रहा है।

### 6 घाटों को मिला है एनओसी

जिले में 6 घाटों को पर्यावरण विभाग से एनओसी मिल चुका है, जहां वैध रूप से रेत का उत्खनन का काम चल रहा है। कुछ घाटों में नियम विरुद्ध चेन माउंटेन मशीन से उत्खनन की शिकायत आई है। इसकी जांच कर कार्रवाई करने टीम भेजी गई है।

- **केके गोलघाटे,** उप संचालक खनिज विभाग रायपुर

### 50 रुपए प्रति घनमीटर से लोडिंग का नियम

रेत घाटों को ठेके पर देने के लिए गाइड लाइन बनाई गई है। इसके अनुसार रेत घाट में लोडिंग का चार्ज 50 रुपये प्रति घट मीटर तय है। एक घन मीटर में 50 फीट रेत की लोडिंग होती है। इस तरह 5 सौ फीट यानी 10 घन मीटर रेत की लोडिंग में 5 सौ रुपये चार्ज लिया जाता है। सूत्रों के अनुसार इसकी तुलना में घाट में प्रति घट मीटर के पीछे 500 से 700 रुपये तक लोडिंग चार्ज लिया जा रहा है। इस तरह 500 सौ फीट रेत की लोडिंग कराने में 5 हजार से लेकर 7 हजार रुपये तक लिया जा रहा है।

## घर खरीदने पर महंगाई की डबल मार, 20 लाख कीमत वाला अब 24 लाख पार

- रियल एस्टेट की नई योजनाओं में जमीन में 30 फीसदी छूट समाप्त होने का भी पड़ेगा असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अपना आशियाना खरीदने का सपना देखने वालों पर महंगाई की डबल मार पड़ी है। बिल्डिंग मटेरियल के महंगे होने के कारण मकानों की कीमत 15 फीसदी बढ़ गई है। इसी के साथ अब जमीन की कीमत में 30 फीसदी छूट समाप्त होने के कारण रजिस्ट्री पर ही ज्यादा पैसे लगने के कारण मकान पांच फीसदी महंगे हो गए हैं। ऐसे में रियल एस्टेट की पुरानी योजनाओं के मकान करीब 20 फीसदी महंगे हो गए हैं। इसी के साथ नई योजनाओं में जो मकान बनेंगे, वो करीब 25 फीसदी तक महंगे होंगे, क्योंकि इनके लिए जमीन भी नई कीमत पर ली जाएगी। आज कोई 20 लाख का मकान खरीदना चाहेगा, तो वह 24 लाख से पार ही मिलेगा। यानी उसको अब चार लाख का ज्यादा फटका लगेगा। शेष पेज 12 पर

### मटेरियल के कारण 15 फीसदी बढ़ी लागत

रियल एस्टेट की योजनाओं में लंबे समय से बिल्डिंग मटेरियल के कारण मकानों की लागत बढ़ गई है, इसको लेकर कीमत बढ़ाने की कवायद चल रही थी लेकिन इसको नहीं बढ़ाया जा रहा था, लेकिन अब मजबूरी में मकानों की कीमत को करीब 15 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। बिल्डर कहते हैं, हमारे लिए कीमत बढ़ाना मजबूरी है, क्योंकि लगातार सामानों की कीमत बढ़ रही है। हर सामान बहुत महंगा हो गया है। बीते साल तो सीमेंट की कीमत 370 रुपए तक चली गई थी। इसी के साथ सरिया की कीमत भी आसमान पर रही है।

## हाल ए स्मार्ट सिटी

# नवा रायपुर स्मार्ट सिटी को मिले 54 प्रोजेक्ट, 35 पूरे 19 अधूरे

### अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने की मियाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केन्द्र सरकार के दिशा निर्देश अनुसार 30 जून तक स्मार्ट सिटी के अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा किया जाना है। स्मार्ट सिटी मिशन की मियाद इस साल जून में समाप्त हो जाएगी। इसके बाद इसे नगर निगम में मर्ज कर दिया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक जून के बाद स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट का मेंटनेंस नगर निगम करेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधा दर्जन प्रोजेक्ट ऐसे हैं, जो अधूरे हैं। इसी तरह नवा रायपुर के अटल शेष पेज 12 पर

- वर्ष 2017-18 में नवा रायपुर स्मार्ट सिटी, 850 करोड़ की लागत से 54 प्रोजेक्ट

विशेष खबर

### ये काम हुये पूरे

अटल नगर के 8 प्रवेश और निकास बिंदु पर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली। ओवर स्पीडिंग करने और हॉट लिस्टेड लाइन का पता चलने की स्थिति में वास्तविक समय एलर्ट प्रदान करने का सिस्टम। इन दोनों प्रणाली को ई चालान प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया है। रायपुर स्मार्ट सिटी की तर्ज पर नवा रायपुर में आईटीएमएस सिस्टम से निगरानी की व्यवस्था बनाई गई है।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर काम

नवा रायपुर में आम जनता की सुविधा के लिए पब्लिक बाइक शेयरिंग सिस्टम और रेपिड बस ट्रांजिट सिस्टम पर काम किया गया है। नवा रायपुर अटल नगर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 55 किलोमीटर दायरे में साइकिल ट्रेक, जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम, ऐप स्मार्ट कार्ड और मोबाइल फोन से भुगतान कर साइकिल किराये पर उपलब्ध कराने के प्रोजेक्ट पर काम किया है।

### 10 निर्माण कार्यों का ठेका रद्द, नया टेंडर प्रोसेस में

नवा रायपुर में रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी के 210 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का ठेका रद्द होने के बाद नए टेंडर की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सेंध जलाशय में निर्माण कार्य, सेक्टर 19 में बस पार्किंग, सेक्टर 22 में पार्किंग, मंत्रालय के चारों तरफ उद्यान, मंत्रालय भवन में फसाड वर्क, सेक्टर 27 और सेक्टर 32 की कालोनी में उद्यान सुधार कार्य, स्ट्रीट लाइट, बस स्टाप शेल्टर निर्माण का कार्य, मुक्तिधाम निर्माण, सीबीडी रेलवे स्टेशन के पीछे सड़क व पार्किंग, सेक्टर 16 में नार्थ क्लब निर्माण, सीवरेज लाइन के साथ रीसाइकलिंग वाटर प्रोजेक्ट, चेंबर पाइप लाइन, नाले में स्ट्रीम डेवलपमेंट विथ वर्क, स्कूल और आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य शामिल है।

## ठेकेदार ने कहा- चलाएंगे और कमाएंगे भी

# 31 लाख का अहाता 94 लाख में आबकारी के अफसर भी हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राजधानी रायपुर का गंजपारा का अहाता इतना महंगा बिका कि इसे लेकर अफसर भी भौंचक हैं। यह अहाता 94 लाख 47 हजार रुपये में बिका है, जबकि विभाग ने इसकी कीमत सिर्फ 31 लाख 15 हजार रुपये आरक्षित रखी थी। इस तरह यह अहाता तीन गुना अधिक कीमत पर ठेके पर गया है। हालांकि इधर जिसे ठेका मिला है, उन्होंने इस कीमत पर अहाता मिलने पर भी खुशी जताई है। उनका कहना है कि अहाता मिलने के बाद उसे बड़ा ऑफर भी आ चुका है, जिसे उसने ठुकरा दिया। शेष पेज 12 पर



### अहाता का ठेका 11 माह का

आबकारी विभाग ने अहाता का टेंडर 1 मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए निकाला है। इस तरह अहाता 11 महीने के लिए दिया गया है। इस तरह अहाता लेने वाले को एक माह का समय पहले ही कम मिला है, वहीं अहाता खुलने में अभी कुछ दिन का समय और लग सकता है। इस तरह चालू माह का एक पखवाड़ा भी गुजर जाएगा, जिसके बाद अहाता चलाने के लिए 10 माह 15 दिन का समय ही रहेगा।

### बिना रिस्क के बिजनेस नहीं होता

इस लाइन का मैं नहीं हूं। पहली बार शराब से संबंधित बिजनेस में अपने पैसे लगाए हैं। विश्वास है, अहाता से अच्छी कमाई होगी, क्योंकि ठेका को लेकर मुझे ऑफर भी आ चुका है, जिसे ठुकरा दिया हूं।

- **अमित एक्का,** ठेकेदार, गंजपारा अहाता

### उम्मीद से अधिक महंगे में गया ठेका

गंजपारा अहाता इतना महंगे ठेके पर जाएगा, इसकी उम्मीद नहीं की थी। ठेका जिसने लिया है, उसने सोच-समझकर ही लिया होगा।

- **विकास गोस्वामी,** उपायुक्त आबकारी रायपुर

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## कोर्ट से पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार

**रायपुर।** रायपुर लोवर कोर्ट से एनडीपीएस प्रकरण का एक आरोपी कोर्ट से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घटना 10 मई की शाम करीब 5 बजे की है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को एनडीपीएस प्रकरण के 3 आरोपियों को एवं एक अन्य प्रकरण के एक आरोपी को पेशी के लिए लोवर कोर्ट लाया गया था। इस पेशी के दौरान पहले एनडीपीएस एक्ट के आरोपियों को एनडीपीएस न्यायालय में पेश किया गया। इसके बाद चौथे आरोपी को जज अंकिता यदु के न्यायालय में पेश किया गया। इसी दौरान एनडीपीएस प्रकरण का एक आरोपी मुकेश बरोई निवासी मलखानगिरी ओड़िशा भीड़ में अपनी हथकड़ी खोलकर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। शेष पेज 12 पर

# मॉडल स्टेशन से पहले दो एस्केलेटर की डिजाइन में होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म नंबर-1 और 7 पर नया एस्केलेटर लगाया जाना है। यह एस्केलेटर प्लेटफार्म नंबर- 1 और 7 पर नए फूट ओवरब्रिज पर लगाना है, लेकिन जहां पर एस्केलेटर लगाना है, वर्तमान में वहां जगह कम पड़ रही है। इस कारण एस्केलेटर लगाने वाली कंपनी उसकी फिटिंग नहीं कर पा रही है। इस कारण रेलवे ने एस्केलेटर लगाने का काम शुरू किया है। स्टेशन पर शेष पेज 12 पर

- रायपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सबसे ज्यादा यात्रियों का रहता है दबाव

### दोनों प्लेटफार्म में एक एस्केलेटर लगाने की मंजूरी

एस्केलेटर के माध्यम से आसानी से फूट ओवरब्रिज पर पहुंच जाएंगे। रायपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सबसे ज्यादा यात्रियों का दबाव रहता है, इसलिए कि इस प्लेटफार्म को ही पार कर यात्री दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर पर जाते हैं। हालांकि गुढ़ियारी की तरफ प्लेटफार्म नंबर 7 शुरू होने से 20 प्रतिशत भीड़ यहां से होकर जाती है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए दोनों प्लेटफार्म में एक एस्केलेटर लगाने की मंजूरी रेलवे ने दी है। दावा किया है कि दो माह में एस्केलेटर लगाने का काम पूरा हो जाएगा।

## आवश्यक सूचना

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय रायपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि कार्यालय
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4242238

## खबर संक्षेप



### 10वीं के टॉपर आयुष ने बढ़ाया सोनकर समाज का गौरव

**रायपुर।** दसवीं बोर्ड में सोनकर समाज के आयुष ने टॉप टेन में सातवां स्थान प्राप्त समाज का नाम रोशन किया है। छत्तीसगढ़ सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सोनकर ने बताया कि आयुष नारी राज इकाई के मंदरोड निवासी राजेश सोनकर के सुपुत्र हैं। दसवीं बोर्ड में 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में टॉप टेन में सातवां स्थान प्राप्त कर सोनकर समाज को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री चेतन सोनकर समाज के प्रदेश सलाहकार तामेश्वर सोनकर, बोधी सोनकर, भागी सोनकर ने आयुष के वर्तमान निवास इंदिरा नगर कुरुद पहुंचकर पुष्पहार पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाते हुए सम्मानित किया।

### दसवीं में ज्योति को मिले 91.83 प्रतिशत अंक

**रायपुर।** अमलीडीह छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय अमलीडीह में अध्ययनरत विद्यार्थी ज्योति सेन पिता सरजू सेन ने 600 में 551 अंक पाकर 91.83 प्रतिशत के साथ कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि आज मेरा प्राप्तांक इतना अच्छा केवल मेरे शिक्षकों के सुनियोजित शिक्षण और उनके द्वारा मेरे प्रति सहयोग है।

### आर्ट ऑफ लिविंग के ज्ञान क्षेत्र का उद्घाटन 12 को

**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर महाराज के आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार समेत छत्तीसगढ़वासियों को गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन और रायपुर के अपने ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर 12 कमल विहार के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया है। आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट को-ऑर्डिनेटर दीपेंद्र दीवान ने बताया 12 मई को प्रातः 8 बजे वास्तु और गणेश होमा, प्रातः 11 बजे उद्घाटन कार्यक्रम एवं दोपहर में भोजन तथा गुरुदेव के जन्मदिन के पूर्व संध्या को मुक्ताकाशी मंच घड़ी चौक रायपुर में शाम 7.15 बजे सामूहिक पूजा, शाम 7.45 में प्रसिद्ध भजन गायक प्रवीण मेहता बेंगलुरु आश्रमद्वारा सुरमयी संगीत की सुमेरु संध्या का आयोजन किया जा रहा है। 13 मई को सुबह सुदर्शन क्रिया ज्ञान क्षेत्र रायपुर में तथा आयुष होमा का आयोजन एवं दोपहर में हनुमान मंदिर मोतीबाग के समीप चना, छाछ वितरण कार्यक्रम होगा।

### भरी गर्मी में फैब्री वार्ड बना सफेद हाथी

**रायपुर।** कोरोनाकाल में मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में बनवाया गया फ्रैबी वार्ड सफेद हाथी साबित हो चुका है। वार्ड निर्माण के बाद से लेकर अब तक इसका किसी तरह का उपयोग नहीं हो पाया है। उस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने लाखों रुपए खर्च कर इस कक्ष का निर्माण कराया था, मगर सामान्य गर्मी में एल्युमीनियम प्लेट की यह चादर गर्म हो जाती है, जिसकी वजह से वहां इलाज कराना तो दूर, कुछ देर भीतर बैठना भी मुश्किल है। कोरोना की दूसरी लहर की समाप्ति के दौरान बनाए गए इस फ्रैबी वार्ड के अस्तित्व पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# विजय बघेल बोले- आत्मानंद स्कूलों का नाम नहीं बदल रहे, पीएमश्री योजना से जोड़कर सुविधाएं बढ़ा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा सांसद विजय बघेल ने कहा, स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम नहीं बदला जा रहा है, बल्कि इनमें सुविधाओं का विस्तार करने के लिए ही इनको पीएमश्री योजना से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार ने पांच साल के लिए 27 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। कांग्रेस सरकार ने स्कूल तो बना दिए, लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ नहीं किया। शिक्षकों का वेतन भी डीएमएफ फंड से मिलता है।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा, पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित किसी भी शाला का नाम परिवर्तित नहीं होगा, चयनित विद्यालयों के इस योजना में शामिल हो जाने से केन्द्र सरकार से अतिरिक्त आर्थिक एवं तकनीकी सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर कांग्रेस एक बार फिर प्रलाप-मोड पर आ गई है। कांग्रेस इस योजना




को लेकर तरह-तरह के झूठ फैलाकर प्रदेश की जनता को भ्रमित करने की नाकाम कोशिशों में जुटी है। जिस कांग्रेस ने साधु-संतों पर गोलियां बरसाने और हर मौके पर उन्हें अपमानित करने में जरा भी शर्म महसूस नहीं की, आज वह कांग्रेस साधु-संतों के नाम पर राजनीति कर रही है, जबकि आत्मानंद स्कूलों के लिए एक रुपए का बजट प्रावधान नहीं करके भूपेश सरकार ने खुद स्वामी आत्मानंद का घोर अपमान करने का काम किया था। भाजपा संतों का सम्मान करती है, कभी अपमान करने का काम नहीं किया है।

### प्रत्येक ब्लॉक में एक पीएमश्री स्कूल होगा

*श्री बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासनकाल में खोले गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों की दुर्दशा, अव्यवस्था से पूरा प्रदेश वाकिफ है। अब प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिहाज से अनुकरणीय पहल कर रही है तो कांग्रेस के लोग प्रलाप कर रहे हैं। श्री बघेल ने कहा, यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) योजना का शुभारंभ किया था। पीएमश्री योजना के पहले चरण में प्रत्येक शाला पर 2 करोड़ रुपए खर्च करके हब एंड स्पोक मॉडल पर अपग्रेड किया जाएगा। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार, राज्य, केंद्रशासित प्रदेश सरकार स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से चयनित मौजूदा स्कूलों को मजबूत करना है। इसके अलावा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक व्यापक पहुंच प्रदान करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक पीएमश्री स्कूल स्थापित करने की योजना है।*

### पीएमश्री योजना के गिनाए फायदे

श्री बघेल ने कहा, नई शिक्षा नीति, जिसमें शिक्षकों स्तर को उठाने के कार्य होंगे, पीएमश्री योजना उसका प्रवेश द्वार साबित होगी। पीएमश्री योजना 2024 का फायदा गिनाते हुए श्री बघेल ने कहा, इसमें कक्षा शिक्षकों को अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करना, उन्हें शैक्षिक प्रणाली को बढ़ाने के लिए विविध उपकरणों से परिचित कराना शामिल है। इस योजना में मापदंड पूरा करने पर देश का कोई भी स्कूल शामिल हो सकता है। चयनित होने पर, स्कूल एक आधुनिक संस्थान में बदल जाएगा।

**बैठक :** केन्द्रीय खनिज सचिव ने की प्रदेश में खनन गतिविधियों की समीक्षा

# उत्खनन क्षेत्र में ग्रीन माइनिंग की नवीन तकनीक का हो उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय खनिज सचिव व्हीएल कान्ता राव ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से उत्खनन कार्य को अधिक बेहतर बनाने और माइनिंग गतिविधियों के सुगम संचालन के संबंध में उनके सुझाव लिये। केन्द्रीय सचिव ने कहा, उत्खनन क्षेत्र में ग्रीन माइनिंग की नवीन तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि खनन और खनिज उद्योगों में ग्रीन एनर्जी का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने खनिज संसाधनों का जीडीपी में वर्तमान में दो प्रतिशत की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया।

केन्द्रीय खनिज सचिव की अध्यक्षता में नवा रायपुर अटल नगर के न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व, पर्यावरण तथा खनिज विभाग के सचिव और खनिज विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश के उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर प्रदेश में खनन गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने प्रदेश में खनिज साधन विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों और कार्यों के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। केंद्रीय सचिव ने कहा, छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों की उपलब्धता और खनन गतिविधियों में देश का अग्रणी राज्य है। खनन गतिविधियों में प्रदेश को और आगे लेकर जाना है, जो आर्थिक दृष्टि से भी देश और प्रदेश के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स की प्रोसेसिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुझाव दिया। केन्द्रीय सचिव ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर प्रदेश में खनन तथा खनिज उद्योगों की गतिविधियों और कार्यों की जानकारी ली और उनकी समस्याएं भी सुनी।



### बंद खदानों में न हो अवैध उत्खनन

केन्द्रीय सचिव ने खनिज साधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा, ऐसी खदानें जो बंद हो चुकी हैं, उनमें अवैध उत्खनन न हो, बंद खदानों में यदि खनिज है, तो उनमें खनन के लिए जरूरी प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। माइनिंग क्लोजर और बंद खदानों को हैंड ओवर करने की समीक्षा राज्य स्तर पर नियमित रूप से की जाए।

### सिंगल विंडो प्रणाली की जरूरत

बैठक में औद्योगिक प्रतिनिधियों ने भूमि संबंधी, खनिज लौह अयस्क की कमी, वन एवं पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिंगल विन्डो प्रणाली की जरूरत बताई। केन्द्रीय सचिव ने कहा, स्वीकृत खदानों को जल्द से जल्द ऑपरेशनल बनाने के लिए बिडर्स और संबंधित विभागों के बीच अधिक समन्वय से काम किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने खनिज साधन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में ऐसे समस्त विभागों के सचिवों, जिनसे स्टेकहोल्डर्स को सहमतियां लेनी होती है, की माईनिंग रीव्यू कमेटी गठित की जाए।

# साय बोले- केजरीवाल पहले अपना घर देखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ओडिशा में दो बड़ी जनसभाओं को संबोधित कर रायपुर लौटे। हेलीपेड पत्रकारों से चर्चा करते हुए अरविंद केजरीवाल द्वारा भाजपा नेताओं के कैरियर को लेकर दिए बयान पर सीएम साय ने कहा, वो लोग अपना घर पहले देखें, हमारा घर बिलकुल मजबूत है। हमारी चिंता बिल्कुल न करें।



नक्सलवाद पर सीएम ने कहा, हम जब से सरकार में हैं, मजबूती के साथ लड़ रहे हैं। कल 12 नक्सली मारे गए हैं, मेरी जानकारी के अनुसार आज भी एक नक्सली मारा गया है। 29 नक्सली भी एक दिन में मारे हैं। आगे भी मजबूती से लड़ेंगे, या तो वो आत्मसमर्पण कर दें और विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा, आज उनका तीसरी बार ओडिशा का दौरा था। कालाहांडी लोकसभा क्षेत्र की दो विधानसभाओं नुआपारा और जूनागढ़ में जनसभा को संबोधित किया। दोनों सभा बहुत सफल रही, इतनी गर्मी के बावजूद भारी संख्या में वहां पर मतदाता आए। इस बार ओडिशा में भी परिवर्तन दिख रहा है, लोगों को हम बता रहे हैं कि मजबूत सरकार और मजबूत प्रधानमंत्री बनाने से बहुत फायदे मिलते हैं। उन्होंने कहा, पहले बात-बात में जो पाकिस्तान गीदड़ भभकी दिखाता था, दो बार के सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद उसको अपनी औकात पता चल गई। साथ ही हम जनता को बता रहे हैं कि डबल इंजन की सरकार से उसका क्या लाभ होता है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है, तो 3 महीने में ही मोदी की गारंटी के बहुत सारे काम कर दिए गए हैं और उनसे भी आग्रह कर रहे हैं कि आप भी डबल इंजन की सरकार बनाएं। छत्तीसगढ़ पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर हो रही जांच के सवाल पर पर श्री साय ने कहा, जो भी विभिन्न घोटालों में शामिल हैं, जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं और जो दोषी पाए जा रहे हैं, उन पर कार्रवाई भी हो रही है।

## संजय बोले- हार से घबराए कांग्रेसी नेता कुछ भी बयानबाजी कर रहे

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रभु श्रीराम को सुप्रीम कोर्ट में काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस ने एक बार फिर श्रीराम मंदिर के शुद्धिकरण का बयान देकर अपने हिंदू धर्म और सनातनी विरोधी मानसिकता को देश की जनता के सामने प्रमाणित कर दिया है। कांग्रेस अपनी तुष्टिकरण की राजनीति में इतनी विधर्मी हो गई है कि अब श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकराने के बाद शुद्धिकरण की बात कर रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राम मंदिर को लेकर एक विवादित



टिप्पणी की है। नाना पटोले ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी, तो राम मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस अपनी होने वाली करारी हार से इतनी घबराई हुई है। कांग्रेस के नेता कभी पीएम मोदी को गाली देने लग जा रहे हैं, तो कभी उनकी क्रब खोदने की बात करने लग जा रहे हैं। देश को बंटवारे की ओर ले जाने वाली कांग्रेस अब प्रभु श्रीराम का भी अपमान करने से नहीं चूक रही है। इसके लिए कांग्रेस को देश की जनता से माफी मांगना चाहिए, क्योंकि प्रभु श्रीराम हमारे देश की आस्था और अस्तित्व हैं।

## विजय शर्मा बोले- जनसंख्या की बढ़ोतरी छत्तीसगढ़ के लिए भी चिंताजनक

अवैध बसाहट का सच जानने जांच जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एक बार फिर जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) में बदलाव को लेकर अपनी गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है, जनसंख्या की यह बढ़ोतरी छत्तीसगढ़ में भी चिंता का विषय है। जनसंख्या में इतनी अधिक बढ़ोत्तरी के कारणों की जांच की जानी चाहिए, ताकि घुसपैठ और वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध बसाहट का सच भी सामने आ सके।

श्री शर्मा ने कहा, बिरनपुर की जो घटना हुई, उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि क्या है। ऐसा क्या हुआ था, जिसके कारण यह घटना हुई। इस घटना के तमाम पहलुओं को समाज को समझना पड़ेगा। यह केवल भाजपा को वोट देने या न देने का मसला भर नहीं है। लेकिन, समाज में जो कुछ भी हो रहा है, उसको समझने और उस पर निगाह रखने की ज्यादा आवश्यकता है। अगर आज हम इसकी गंभीरता को नहीं समझेंगे, तो भविष्य में परेशानियां होंगी। श्री शर्मा ने कहा, इस विषय पर एकल सदस्य समिति द्वारा जांच की गई थी। इसके सामाजिक पक्ष के लिए अभी और जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसकी आगे जांच कराई जाएगी और तब यह स्पष्ट होगा।

### कहां से आ रहे ऐसे लोग

कवर्धा जिले में गांव-गांव में इस तरह की घटनाएं हुई हैं, जो मीडिया के माध्यम से सबके बीच आई है। गांव-गांव में ऐसे लोगों के नाम जुड़े हैं, जिनकी जानकारी गांव वालों तक को नहीं है। ऐसे लोगों को गांव वाले नहीं जानते, बीएलओ नहीं जानते कि यह लोग कहां से आ रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि मामला कुछ तो है। जनसंख्या का लगभग 50 फीसदी तक बढ़ना, यह सामान्य बात नहीं है, और अगर असामान्य है, तो यह कैसे है। इसको हम नहीं समझेंगे तो और कौन समझेगा। कल के दिन यह परेशानी जब सामने आएगी तब सबको ध्यान आएगा।

# कांग्रेस की मोदी को चुनौती, अडानी अंबानी के भ्रष्टाचार की जांच कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अडानी-अंबानी के भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खुलासे के बाद कांग्रेस पार्टी ने मोदी को कटघरे में खड़ा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हार को देखते हुए अडानी-अंबानी के भ्रष्टाचार पर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा, नरेंद्र मोदी इस भ्रष्टाचार की जांच कराएं और अपने मित्रों के यहां जांच एजेंसियों के छापे डलवाएं।

- लोकसभा चुनाव में हार देखकर मोदी ने किया भ्रष्टाचार का खुलासा- बैज



उन्होंने कहा, इस देश का प्रधानमंत्री इतना कमजोर, असहाय और मजबूर इससे पहले कभी नहीं रहा। मोदी ने कहा कि अडानी और अंबानी टेम्पो में भर-भरकर काला धन बांट रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने देखा कि राहुल गांधी बेखौफ होकर भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं, बड़ी मुस्तैदी से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बोल रहे हैं, अडानी-अंबानी का पर्दाफाश कर रहे हैं। आखिरकार राहुल गांधी को देखकर दस साल भ्रष्टाचार में डूबे रहने के बाद कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिम्मत दिखाई और भ्रष्टाचार पर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के भ्रष्टाचार पर किए खुलासे ने पूरी भाजपा और सरकार में हड़कंप मचाकर रख दिया है। लोग भयभीत हैं, क्योंकि उन्हें पता है, जब हार देखकर मोदी अपने जिगर के टुकड़े को कुर्बान कर सकते हैं, तो हम क्या चीज हैं।




## खबर संक्षेप



### एम्बिशन के विद्यार्थियों ने दसवीं में मारी बाजी

**धरसींवा।** छग शिक्षा बोर्ड की ओरएम्बिशन के विद्यार्थियों दसवीं में मारी बाजी से घोषित किए गए 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के निजी स्कूलों ने बाजी मारी है। इसमें धरसींवा के एम्बिशन स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारते हुए स्कूल का नाम रौशन किये है जिसके लिए स्कूल परिवार ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित किये है।

### बेटी की शादी में रामायण की प्रति दिया उपहार में



**आरंग।** मां कौशिल्या जिला मानस संघ के संगठन मंत्री रानीसागर निवासी भुवन लाल साहू के सुपुत्री का विवाह अक्षय तृतीया के पावन पर्व मे सम्पन्न हुआ जिसके आमंत्रण मे राजा मोरध्वज मानस शक्ति केन्द्र आरंग के पदाधिकारी हीरालाल साहू, अशोक साहू, सीताराम यादव, परमानंद जलक्षत्री, अवध विश्वकर्मा ने पहुंचकर बेटी को उपहार स्वरूप रामायण भेंटकर बेटी की खुशहाल नवदापत्य जीवन के लिए शुभआशीष एवं बधाई दिए। साथ ही गृहस्थ जीवन में पारिवारिक एकता व सुख–शांति के लिए प्रतिदिन सुबह पांच दोहा पढने का उपदेश दिया गया। इस तरह जनमानस में एक नई पहल और नया संदेश देने के उद्देश्य से सभी के द्वारा यह संकल्प लिया गया कि शक्ति केंद्र के अन्तर्गत होने वाले हर बिटिया के विवाह में रामायण ग्रंथ उपहार स्वरुप भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

### आत्मानंद में निकाली जाएगी 15 को लाटरी

**मंदिर हसौद।** नया रायपुर के पास स्थित नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के शा मातृ सदन उच्चतर माध्यमिक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मंदिर हसौद में 15 मई को समय 12बजे शाला प्राचार्य प्रेमशिला एक्का एवं अधिकारियों की उपस्थिति में कक्षा पहली कक्षा नवी एवं कक्षा दसवीं के एडमिशन के लिए लॉटरी खोला जाएगा।

**प्रवचन : भोगी को योगी और रोग से मुक्ति दिलाने वाली अद्भुत कथा है भागवत : पं. युगल किशोर**

# लोधी समाज ने श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली भव्य कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

वैशाख शुक्ल चतुर्थी शनिवार को सार्वजनिक गौरा–गुड़ी समिति केवशी लोधीपारा के तत्वाधान में अवंती बाई चौक लोधी समाज भवन आरंग में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का श्रीगणेश हुआ। सर्वप्रथम आचार्यगणों ने वैदिक मंत्रेच्चार के साथ गौरी गणेश, सप्त मातृका, 64 योगिनी, सर्वतो भद्र मंडल, वास्तु मंडल नवग्रह मंडल, एक लिंगको, क्षेत्रपाल, बेदी पूजन की तत्पश्चात 351 कलशो के साथ भव्य कलश यात्र ने हरि नाम संकीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया, जिसमें भक्तगण भक्ति रस में सरोबार दिखे।



वही व्यास पीठ से भागवताचार्य आचार्ययुगल किशोर शर्मा ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि आज चारों तरफ दूषित वातावरण है, अतः श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से हम अपने विचारों को शुद्ध रख सकते हैं। उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा कि भोगी यदि योगी हो जाए तो वह रोगी हो जाएगा इसलिए भागवत शास्त्र की रचना कलयुग के जीवन के उद्धार करने के लिए की गई है। उन्होंने भक्ति मार्ग को श्रेष्ठ बताते हुए गोपियों की भक्ति को दिव्या बताया, जो प्रत्येक वस्तु में कन्हैया को देखती हैं। उन्होंने श्रद्धालु जनों को प्रेरित करते हुए कहा कि विचार कीजिए कि हम कौन हैं और हमारा लक्ष्य क्या है। वास्तव में हम जीव परमात्मा के अभिन्न अंग है। आगे उन्होंने उपदेश करते हुए कहा की भागवत मनुष्य को निर्भय बनाती है, श्री भागवत का आश्रय लेने से परम सुख प्राप्त होता है, मैं परमात्मा श्री कृष्ण का अंश और भगवान का दास हूं जब यह भावना मन में घर कर लेती है तो हम भक्ति मार्ग की ओर बढ़ने लगते हैं और परमात्मा हमारी ओर, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि पाप करने में मनुष्य बड़ा सावधान और होशियारी दिखाता है किंतु पुण्य करने में नहीं पाप प्रकट हो गया तो जगत में अपकीर्ति होगी ऐसा सोचकर पाप को एकांत चित होकर करता है और इस कारण से अंत काल में उसे पापों की याद आती है। पंडित जी ने आत्मदेव ब्राह्मण की कथा सुनाई और विचारों की शुद्धि के लिए निष्ठावान बनने की बात की तथा ज्ञान वैराग्य और भक्ति की सुंदर व्याख्या करते हुए उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा को उत्कृष्ट वैचारिक अनुष्ठान भी बताया।

वही मधुर भजनों में श्रोतागण भक्ति रस से डूबे रहे एवं मंगल आरती तथा प्रसाद वितरण के साथ पहले दिन की कथा का विश्राम हुआ। इस अवसर पर परायणकर्ता आचार्यगण आशीष पांडे, शैलेंद्र तिवारी एवं अधिक संख्या में माताएं, बहने, युवा, वरिष्ठ गणमान्यगण एवं मोहल्लेवासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# हेडगेवार बाल कल्याण समिति का पुनर्गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर आरंग शैक्षिक हाल में समिति के 2 साल पूर्ण होने पर चुनाव अधिकारी प्रकाश ठाकुर एवं सहयोगी विभाग समन्वयक रामकुमार वर्मा के नेतृत्व में डॉक्टर हेडगेवार बाल कल्याण समिति का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एवं सचिव विनोद गुप्ता ने समिति को भंग करने की अनुशंसा की। तत्पश्चात सर्व सहमति से निर्णय लेते हुए पुनः दो वर्षीय कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, सचिव राजेश साहू, सह सचिव डॉ.तेजराम जलक्षत्री एवं कोषाध्यक्ष गणेश राम साहू बनाए गए। इस अवसर पर सचिव राजेश साहू ने कहा कि विद्यालय के समुचित विकास के लिए वह पूरा प्रयास करेंगे तथा सामुदायिक सहभागिता व नवाचारी गतिविधियों को बढ़ावा देते हुवे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य को हासिल करेंगे। वही अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने मिलजुल कर समर्पण की भावना से कार्य करने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर विभाग समन्वयक रामकुमार वर्मा ने कहा कि विद्यालय मूलभूत सुविधाओं के साथ अपडेट रहे तथा समुदाय एवं समाज के साथ जुड़ाव की दिशा में कार्य करें और न केवल दर्ज संख्या बढ़ाए अपितु उपलब्धि भी हासिल करें। इस गठन प्रक्रिया में वरिष्ठगण के.क. भारद्वाज, अशोक चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, कमल नारायण देवांगन, युवा साथी राकेश गुप्ता, पंकज शुक्ला, बृजेश सोनी, रीति सोनपिपरे, शैक्षिक स्टाफ प्राचार्य नितेश्वरी लोधी, कार्यालय प्रमुख वशिष्ठ साहू और आया बाई रुक्मणी देवांगन आदि की उपस्थिति रही।

# जुगाड़ के व्याख्याताओं कराई पढ़ाई टेकारी स्कूल का परीक्षाफल बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- दसवीं का 93.75 प्रतिशत और 12वीं का 89.47 प्रतिशत रहा परिणाम

बीते कई वर्षों से आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टेकारी स्थित उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याताओं की कमी की ओर शासन–प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराये जाने के बाद भी उपेक्षा का शिकार रहे स्कूल के विद्यार्थियों के हित में ग्रामवासियों ने ग्रामीण व्यवस्था के तहत राशि एकत्र कर व्याख्याताओं की नियुक्ति कर पढ़ाई में कमी नहीं होने दी। प्रभारी प्राचार्य सहित शिक्षकों की मेहनत व ग्रामीणों द्वारा सतत निगरानी के चलते दसवीं व बारहवीं बोर्ड का परिणाम बेहतरीन रहा। दसवीं की परीक्षा में 64 विद्यार्थी शामिल हुये जिसमें से 2 अनुत्तीर्ण व 2 को पूरक मिला। परिणाम 93.75 प्रतिशत रहा, जिसमें से 21 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में व 29 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की। बारहवीं कला विषय के 38 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें से 34 उत्तीर्ण रहे। 2 अनुत्तीर्ण व 2 को पूरक मिला। परीक्षा परिणाम 89.47 प्रतिशत रहा। विज्ञान विषय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे व परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। कामर्स विषय में 23 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी व सभी उत्तीर्ण रहे व परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। पूर्व में शाला विकास समिति के पदाधिकारी रहे गणमान्य व्यक्तियों सहित ग्राम प्रमुखों व ग्रामीणों ने प्रभारी प्राचार्य सहित गुरुजनों को इसके लिये बधाई देते हुये भविष्य में इससे और बेहतर परिणाम लाने के प्रयास की अपेक्षा की व ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय में बनाये गये अनुशासन को हर हाल में बनाये रखने का आग्रह गुरुजनों से करते हुये ग्रामीणों द्वारा इसमें पूर्ववत सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही शासन–प्रशासन से उच्च, उच्चतर, पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय में गुरूजनो व कार्यालयीन स्टाफ की कमी को आसन्न शैक्षणिक सत्र में दूर करने का आग्रह किया है व इस संबंध में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का शीघ्र ही ध्यानाकर्षण कराये जाने की जानकारी दी है।

# पता पूछने के बहाने की लूट, युवक गिरफ्तार



**आरंग।** लूट के आरोपी को आरंग पुलिस ने किया चंद घंटे में गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी साहिल कुर्रे ने 10 मई को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरंग के भावना कलेक्शन में काम करता है, जो रात्रि 09 बजे काम से छूटने के बाद मोटर साइकिल से लिफ्ट लेकर ग्राम गुदगुदा मोड तक गया। गुदगुदा मोड़ के पास उतरकर पैदल अपने घर जा रहा था, मेंन रोड से 100 मीटर आगे गया ही था कि उसी समय रात्रि 09:30 बजे पीछे से स्कूटी में तीन व्यक्ति बैठकर आए और पास आकर रुके। पूछे कि ग्राम बाना किधर से जाते हैं तब उन्हें रास्ता बता ही रहा था इतने में स्कूटी खड़ा कर तीनों पास आए। एक ने छुरी नुमा चाकू दिखाकर जेब से पर्स निकाल कर लूट लिया। पर्स में 500 रु. और आधार कार्ड है। तीनों ने हाथ मुक्का एवं चाकू से वार कर चोट पहुंचाया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा पंजीबद्ध कर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो के संज्ञान में देते हुए प्रकरण के मुख्य आरोपी अर्श खान को पताशाजी कर तत्काल गिरफ्तार किया गया। आरोपी अर्श खान से पूछताछ करने पर अपने साथी युगल एवं मयंक निवासी मठपुरेना रायपुर के साथ मिलकर अपराधिक कृत्य करना स्वीकार किया। आरोपी अर्श खान पिता साहिल खान उम्र 19 वर्ष निवासी संतोषी नगर थाना टिकरापारा जिला रायपुर से एक छुरी चाकू जप्त कर उसे 11 मई को धारा 394 34 आईपीसी 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र.-2024041142000/अ-05/ वर्ष 2023-24 ग्राम-नवागांव, प.ह.नं.-15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जगमोहन सिंह पिता सुजान सिंह विरदी, निवासी-सिविल लाईन, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-नवागांव, प.ह.नं.-15, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला - रायपुर स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 5/9, 5/20 रकबा क्रमशः 0.227, 0.890 हे. कुल रकबा 1.117 हे. दर्ज था, बंदोबस्त पश्चात नया खसरा नंबर 42 रकबा 0.84 हे. दर्ज हो गया है। बंदोबस्त पूर्व और पश्चात आवेदक की भूमिस्वामी हक की भूमि मे रकबा कम दर्ज कर दिया गया है। आवेदक के द्वारा उक्त त्रुटि सुधार कर रकबा वृद्धि किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक- 27.05.2024 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि हमारे पक्षकार श्री दशरथ निर्मलकर ने विक्रेता श्री विनय कुमार वरु पिता श्री लीलाधर वरु निवासी गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) के हक़ स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो की वाके मौजा / ग्राम गोगांव प.ह.न. 50 रा.नि.म. रायपुर 4 तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा न. 495/8 रकबा 1100 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाने की राशि अदा कर दी गई हैं मात्र पंजीयन बैनामा की कार्यवाही शेष हैं।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह, निजी या सार्वजनिक संस्था, बैंक, साहूकार, निगम, प्राधिकरण, बोर्ड, शासन, प्रशासन, शासकीय/ अर्धशासकीय / अशासकीय निकाय /कार्यालय व अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार से उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे इस आम सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मेरे नीचे दिये पते पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। बाद म्याद बीतने पर की गई आपत्ति शुन्य व अवैध मानी जायेगी जो हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। और हमारे पक्षकार की स्थिति सद्भाविक क्रेता की होगी, और हमारा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय विलेख का निष्पादन कराने हेतु स्वत्रंत होगा ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर
दिनांक 11/05/24

भवदीय
श्री गोपी राव चुटे, श्रीमति गायत्री साहू
(अधिवक्तागण)
कार्यालय :- शांभवी कन्सल्ट पॉइंट
प्रगति हार्डवेयर वाली गली बसंत विहार
गोंदवारा रायपुर (छ.ग.) मो. 7987404050

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल - रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 10.05.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पारसनाथ भारती पिता श्री कालूराम भारती निवासी लाभाण्डी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम लाभाण्डी प.ह.नं. 65 रा.नि.मं. रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 534/7 रकबा 0.0120 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 08.04.2024 के परिपालन में दिनांक 17.05.2024 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 65 के लाभाण्डी स्थित कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर-09

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र. क्रमांक /ब-121/2023-24
रायपुर, दिनांक 10.05.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-आबंटन शाखा रायपुर का पत्र क्रमांक 1252/ भू-आबंटन / 2024 रायपुर दिनांक 06/03/2024 के माध्यम से आवेदिका श्रीमती जयश्री बेन पटेल पति दिनेश कुमार पटेल निवासी- देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि, ग्राम नकटी प.ह.नं. 77, तहसील व जिला रायपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 346/1 का भाग रकबा 0.301 हे. भूमि का आबंटन हेतु मांग किया गया है। आवेदित शासकीय भूमि खसरा नंबर 346/1 की नीजी भू-स्वामी हक की भूमि से लगी है। इस हेतु शासन के जो शर्ते निर्धारित की जावेगी उनका पालन किये जाने का आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के भाग-3 कंडिका 27 के अनुसार उक्त सुखे नाले की भूमि जो कि आवेदिका की भूमि से लगी हुई है शासन द्वारा पट्टे पर आबंटित की जा सकती है, के तहत भूमि आबंटन का मांग किया गया है। उक्त भूमि को भू-आबंटन किये जाने के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव आवेदित भूमि का आबंटन किये जाने से जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 10.06.2024 को इस न्यायालय में पेश करें। बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ| स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes • Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal attention on each students • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
• Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com

Eicher School Bus
ASSURANCE OF SUPERIOR SAFETY
EICHER PARTNERING PROSPERITY
• RELIABLE AND STRONG • NEXT GEN FEATURES
• BENCHMARK OF SAFETY • COMFORT & CONVENIENCE
GK Automotive Pvt Ltd
Opp. Kabir Nagar, Sondongri, Ring Road No.-2, Raipur (C.G.)
Mo.: 98268 97000
BRANCHES: DURG | RAJNANDGAON DHAMTARI | MAHASAMUND BALODA BAZAAR

Contact to Add Your School - 79871-19756

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** मोतीलाल साहू पिता/पति स्व. लखनलाल साहू, नेताजी चौक लोधी स्कूल के पास रायपुर, कोमल चंद्राकर पिता/पति दाउलाल चन्द्राकर, कुटेला आरंग, दिलेन्द्र कुमार डहरिया पिता/पति पूरनलाल डहरिया, आमासिवनी इंदिरा चौक रायपुर, ओमप्रकाश चतुर्वेदी पिता/पति तुलाराम चतुर्वेदी, आमासिवनी इन्दिरचौक रायपुर, प्रेमजीत लाल चन्द्राकर पिता/पति स्व.केजूराम चंद्राकर, ग्राम भिलाई आरंग, पीताम्बर धीवर पिता/पति बहार प्रसाद धीवर, चरौदा आरंग, मोहिनी साहू पिता/पति डोमन लाल साहू, भिलाई आरंग, दीपक कुमार यादव पिता/पति सुखदेव यादव, भिलाई आरंग, दीपक कुमार साहू पिता/पति यादराम साहू, खपरी तामासिवनी, सुखनंद प्रसाद साहू पिता/पति स्व. विशाल राम , खपरी गिधवा, कुलदीप यादव पिता/पति स्व. विश्राम यादव, वार्ड-9 बागदिपारा, भूपेंद्र कुमार वर्मा पिता/पति परस राम वर्मा, जरौदा, विजय कुमार रात्रे पिता/पति हरमोहन लाल रात्रे, गुखेरा आरंग, गंगाधर साहू पिता/पति लक्ष्मीनाथ साहू, अकोलिकलन, मन्नू राम साहू पिता/पति सुखनंद साहू, देवरी आरंग, रतनुलाल पिता/पति शिव लाल, परसकोला, लिलेश्वर साहू पिता/पति स्व. चिन्ताराम साहू, अकोलीकला, चुरामन निर्मलकर पिता/पति आशाराम निर्मालकर, परसकोला, लीलाधर साहू पिता/पति बहुराम साहू, देवरी आरंग, महेश कुमार पटेल पिता/पति अत्जुन भाई पटेल, खरोरा रोड आरंग, भरतलाल साहू पिता/पति मेहतर लाल साहू, अकोली कला आरंग, गोपीराम साहू पिता/पति स्व. लेखन साहू, बनचरौदा आरंग, पोषण लोधी पिता/पति स्व. मनुलाल लोधी, लोधीपारा आरंग, मधुसुदन साहू पिता/पति स्व. टेकू राम साहू, एल आई जी 123 दीनदयाल कॉलोनी आरंग, प्रमोद जलछात्री पिता/पति शिवकुमार जलछात्री, बागेश्वर पारा आरंग, कृष्णा कुमार चंद्राकर पिता/पति स्व. मोहन लाल चंद्राकर, मंजूषा मेडिकल स्टोर आरंग, अवध राम साहू पिता/पति स्व. रामनाथ साहू, बनरसी आरंग, नेमीचंद साहू पिता/पति शंकर लाल साहू, गुल्लू आरंग, सुशील यादव पिता/पति परउराम यादव, शास्त्री नगर अकोली रोड आरंग, भास्कर प्रसाद यादव पिता/पति मिलन राम यादव, आरंग, रामन देश साहू पिता/पति हेमन लाल, गोइंदा छतेरा, रामू निषाद पिता/पति तिरिथ राम निषाद, गोइंदा आरंग, रामबगस चंद्राकर पिता/पति स्व. गंगाराम चंद्राकर, बोरिद रसनी आरंग, उर्मिला चंद्राकर पिता/पति रामबगस चंद्राकर, बोरिद रसनी आरंग, राजकिशोर अग्रवाल पिता/पति दुआनंद अग्रवाल, वार्ड न.9 अग्रवाल पारा आरंग, गंगा साहू पिता/पति देवनाथ साहू, गोपाल नगर रायपुर, रामाधार वर्मा पिता/पति स्व. भूखन लाल, मेहर सखा मनोहर, श्रीकांत पटेल पिता/पति चन्दन पटेल, खौना, प्रमिला वर्मा पिता/पति भुषण लाल वर्मा, बरतोरी, अजय कुमार सोनी पिता/पति शम्भु प्रसाद सोनी, खूडमुड़ी पथरी धरसीवा, वर्षा वर्मा पिता/पति मनोज कुमार वर्मा, कुरूद सिलयारी, प्रेमलाल साहू पिता/पति छेदन साहू, निनवा, तिलक राम साहू पिता/पति भारत साहू, मनोहरा, देवकी पटेल पिता/पति पुरुषोत्तम पटेल, धनेली गिरौद, मालिक राम वर्मा पिता/पति झुमुकलाल वर्मा, गिरौद मांढर, विक्रांत नायक पिता/पति मनीष कुमार नायक , गिरौद मंदिरपारा रायपुर, पुष्प अनंत पिता/पति देवानंद अनंत, गिधौरी नगरगाँव रायपुर, सी.पी. वैष्णव पिता/पति हरिदास वैष्णव, टेकारी, राजकुमार साहू पिता/पति घनश्याम साहू, विकाश नगर गुढ़ियारी, मोनिका मंडराई पिता/पति महेश कुमार मंडराई, गैलेक्सी टाउन रिंग रोड 03 तुलसी रायपुर, तुलसी राम शर्मा पिता/पति हेमनाथ शर्मा, पी. एस सिटी कॉलोनी अ\42 कुशालपुर चौक चंगोराभाटा रायपुर, रमेश कुमार चंद्रवंशी पिता/पति बोधन लाल चंद्रवंशी, डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, रेवाराम रघु पिता/पति स्व. बरातुराम रघु, मांढर व्हाया धरसीवा, मोहर महानंद पिता/पति मुन्ना राम महानंद, मौलीपारा तेलीबांधा रायपुर, दुलारी तांडी पिता/पति स्व. निरण तांडी, महावीर नगर न्यू अमित होम रायपुर, लतीफ़ खान पिता/पति अजीत खान, चांदनी चौक नेहरू नगर रायपुर, इन्द्राणी बेरिहा पिता/पति अजय बेरिहा, राधास्वामी नगरभाटा रायपुर, बद्री सोनी पिता/पति स्व. परमानन्द सोनी, इंडियन गैस गोदाम डगनिया रायपुर, जाकिर अली पिता/पति वाहिद अली, सुभाष नगर कुकरीपारा रायपुर, नंदकुमार वर्मा पिता/पति स्व. प्राण नाथ वर्मा, विजय नगर भनपुरी रायपुर, चाँदनी विश्वकर्मा पिता/पति राकेश कुमार विश्वकर्मा, मोवा दलदल सिवनी रायपुर, मनोज कुमार साहू पिता/पति अश्वनी साहू, नयी जमींन माना कैंप रायपुर, भावेश रंजन बंछोर पिता/पति नोहरलाल बंछोर, शिवोम विहार कॉलोनी महादेवघाट रायपुर, लता तुरियाकर पिता/पति दिकेश तुरियाकर, पुरानी बस्ती गोगांव रायपुर, शांतिलाल चावड़ा पिता/पति बजरंग चावड़ा, महाराजा वीरभद्र नगर रायपुर, संतोष कुमार साहू पिता/पति धनुषराम साहू, डूमरतराई देवपुरी रायपुर, ज्ञानदास वैष्णव पिता/पति स्व. बिसंभर दास वैष्णव, शेरीखेडी रायपुर, हेमनारायण गन्धर्व पिता/पति गंगाराम गन्धर्व, चरोदा फिन्गेश्वर, कमल चंदवानी पिता/पति अनिल चंदवानी, कटोरा तालाब रायपुर, जय शंकर प्रसाद यादव पिता/पति नोहर लाल यादव, कुंरा धरसीवा रायपुर, यामिनी साहू पिता/पति दिगेश्वर साहू, अयोध्या नगर न्यू चंगोराभाटा रायपुर, सोमन कुमार रिगरी पिता/पति द्वारिका राम रिगरी, बेलर अभनपुर, परमानन्द सोनवानी पिता/पति नारायण सोनवानी, दलदल सिवनी वार्ड 7 रायपुर, रामजी साहू पिता/पति छोटूराम साहू, उपरपारा थाना राखी नया रायपुर, अमित शेंडे पिता/पति मुकेश शेंडे, अंजनी विहार कॉलोनी सेक्टर 3 शिवानन्द नगर रायपुर, नन्द कुमार देवांगन पिता/पति स्व. समारू राम देवांगन, कुशालपुर रायपुर, लक्ष्मी यादव पिता/पति गोविन्द यादव, दया नगर दलदल सिवनी रायपुर, डिंपल साहू पिता/पति माखन लाल साहू, भवानी नगर कोटा रायपुर, किजुराम रजक पिता/पति डेरहाराम रजक, मंदिरहसौद, दिनेश कुमार पाण्डेय पिता/पति खेदु प्रसाद पाण्डेय, ओल्ड महेंद्र पुरम कॉलोनी मंदिरहसौद रायपुर।

## खबर संक्षेप

### सत्यसाईं अस्पताल में 30 हजार से ज्यादा सर्जरी

रायपुर। कैशलेस हास्पिटल के नाम मशहूर नवा रायपुर के



सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल में अब तक 30 हजार से ज्यादा बच्चों को निशुल्क सर्जरी का लाभ मिला है। अस्पताल के जनसंपर्क अधिकारी अजय कुमार श्रॉफ ने बताया कि हृदय की बीमारी से जूझ रहे बच्चों की माताओं के लिए सत्यसाईं हास्पिटल वरदान साबित हो रहा है। इस अस्पताल में मरीज को संजीवनी के रूप में नई जिंदगी तो मिलती है, इसके साथ-साथ माता-पिता को शांति और परिवार को इस संसार में जीने के लिए एक उद्देश्य मिलता है।

### कन्नौज में सपा प्रदेश अध्यक्ष प्रचार में जुटे




रायपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चुनाव प्रचार में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता, छत्तीसगढ़ महासचिव मनोहर साहू, पवन यादव, वाहिद सहित अनेक कार्यकर्ता यूपी में भाग ले रहे हैं। शनिवार को कन्नौज लोकसभा में आयोजित जनसम्पर्क रैली में समाजवादी पार्टी व इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने की अपील की है।

### निधन

### जमुना देवी पंजवानी

रायपुर। देवेंद्र नगर निवासी जमुना देवी पंजवानी (67) का निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 12 मई को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जेठानंद पंजवानी की पत्नी और विनोद, अजय, विजय की माता थीं।

# मां तुझे सलाम... संतान की दीर्घायु की खातिर जोखिम उठाकर दे दी किडनी

**अलग खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बच्चों की खातिर मां हर जोखिम उठाने को तैयार रहती है। संतान की खातिर वह कुछ भी कर सकती है फिर चाहे स्वयं की जान जोखिम में डालने की बात ही क्यों ना हो। एम्स में पिछले सालभर से होने वाले लाइव ट्रांसप्लांट में संतान की दीर्घायु की खातिर किडनी देने वालों में सबसे अधिक संख्या मां की है। मां के जैसा कोई नहीं, इसे चरितार्थ करने के अनेकों उदाहरण हैं, जिनमें एम्स में होने लाइव किडनी प्रत्यारोपण के केस भी शामिल हैं। एम्स में अब तक दो दर्जन से अधिक किडनी प्रत्यारोपित की गई हैं, जिनमें से करीब बीस मामले लाइव ट्रांसप्लांट के हैं, जिसमें 80 फीसदी मामलों में मां ने अपने जिगर के टुकड़ों को किडनी देकर दूसरी बार जीवन प्रदान किया है। हरिभूमि टीम ने ऐसी ही कुछ ममतामयी मां और उनके बेटे से चर्चा की..।



### ब्रेन हेमरेज जैसी बीमारी से बचाया

कोरबा में रहने वाली 25 साल की लड़की किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित थी और तत्काल दूसरी किडनी नहीं लगाए जाने पर उसे ब्रेन हेमरेज अथवा लकवा हो सकता था। एम्स में पहुंची इस लड़की को गंभीर बीमारी से बचाकर स्वस्थ जीवन देने के लिए मां ने अपनी किडनी प्रदान की। महीनेभर पहले हुए इस ऑपरेशन में बाद बेटी के स्वस्थ हो जाने से मां भी बेहद खुश है। दोनों नियमित जांच के लिए समय-समय पर एम्स आती हैं।

### युवराज को मिली नई जिंदगी

बेमेतरा में रहने वाला 24 साल का युवराज अब पूरी तरह से स्वस्थ हो गया है। युवराज एक किडनी के साथ पैदा हुआ था, जो कमजोर थी। करीब दो साल पहले फेल होने की स्थिति में चुकी थी। विभिन्न तरह की शारीरिक समस्या के साथ वह इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा, तो चिकित्सकों ने उसके परिजनों को किडनी प्रत्यारोपण कराने की सलाह दी थी। मां हिरोन्दी बाई वर्मा ने युवराज को किडनी के रूप में नया जीवन प्रदान किया।





### शिक्षक बेटे को नया जीवन

बलौदाबाजार के ग्राम बरंदा में रहने वाले हेमंत वर्मा शिक्षक हैं और मां सोमबाई से मिली किडनी के बाद सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। हेमंत ने बताया कि हाथ-पांव में सूजन की शिकायत के दौरान चिकित्सकीय जांच के दौरान पता चला कि दोनों किडनी खराब हो चुकी है। कुछ दिनों तक डायलिसिस के बाद उसके पास प्रत्यारोपण के अलावा कोई चारा नहीं था। अन्य रिश्तेदार इसके बारे में कुछ सोचते, इससे पहले मां जिगर के टुकड़े को अपनी किडनी देने के लिए तैयार हो गई। पिछले साल जुलाई में ट्रांसप्लांट पूरा हुआ और बेटा पूरी तरह स्वस्थ हो गया।


# इंटेकवेल तक जलकुंभी का जाल, सफाई करने संसाधन नहीं, 40 वार्डों में पहुंच रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेयजल को लेकर गर्मी में कई तरह की नई दिक्कतें पैदा होने लगी हैं। अभी बिरगांव निगम में पेयजल की दोहरी समस्या है। बेन्द्री में इंटेक वेल के पास जलकुंभी का जाल फैला है। इसकी सफाई के लिए निगम के पास जरूरी संसाधन भी नहीं हैं। यह स्थिति खारुन में नालों का गंदा पानी छोड़ने से बन रही है। इससे कारण निगम को फिल्टर प्लांट में 4 से 5 बार पानी साफ करना पड़ रहा है। घरों में नल से गंदा पानी पहुंचने की समस्या अभी भी बनी हुई है।

- उरला फिल्टर प्लांट व जल प्रदाय कर्मियों से बिरगांव निगम करवा रहा सफाई

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे निगम में पहले से सुविधा व संसाधनों का अभाव है। खारुन नदी का पानी बेन्द्री घाट तक अभी भी गंदा पहुंच रहा है। इससे निगम के इंटेक वेल के पास 25 से 30 फीट की गहराई में दलदल की स्थिति है। इसकी सफाई के लिए निगम के पास जरूरी संसाधन भी नहीं हैं। इससे जल प्रदाय व फिल्टर प्लांट के करीब 20 कर्मी जहां तक जलकुंभी निकाल सकते हैं, वहीं तक सफाई कर रहे हैं। इससे निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में 15 हजार से ज्यादा घरों में 14 टंकियों के जरिए गंदा पानी पहुंचने की समस्या बनी हुई है। निगम सूत्रों ने बताया कि कारा में स्थापित एसटीपी से पानी साफ करने का दावा किया जाता है। इसके बाद भी प्लांट तक गंदा पानी पहुंच रहा है। इसको फिल्टर करने में कर्मियों को पसीना बहाना पड़ रहा है।





### संसाधन का अभाव, ट्रेंड कर्मी नहीं

सूत्रों ने बताया कि अभी तक जलकुंभी सफाई के लिए संसाधन जुटाने पर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया है। इससे कई तालाबों ही नहीं, अब तो जहां से पेयजल प्रदाय की व्यवस्था जुड़ी है, वह इंटेक वेल भी जलकुंभी के जाल से घिर गया है। इसकी सफाई के लिए निगम के पास इलेक्ट्रिक नाव और ट्रेंड कर्मी भी नहीं हैं। इससे जल प्रदाय कर्मियों द्वारा आधी-अधूरी सफाई की जा रही है।

### व्यवस्था बनाने प्रयास कर रहे


जो समस्या बता रहे हैं, उसकी जानकारी मिलने पर इंटेक वेल के पास सफाई करवाई जा रही है। स्थाई समाधान नहीं हो रहा, क्योंकि एसटीपी बनने के बाद भी गंदा पानी आ रहा है। व्यवस्था बनाने सफाई करवा रहे हैं।

**- इकराम अहमद**, अध्यक्ष, जल प्रदाय विभाग, नगर निगम, बिरगांव

### 34 एमएलडी पानी रोज फिल्टर

अभी बेन्द्री घाट व फिल्टर प्लांट की क्षमता बढ़ा दी गई। जहां से पहले 14 एमएलडी पानी फिल्टर होने के बाद करीब 9 टंकियों के जरिए 8 हजार से ज्यादा घरों तक पहुंचता था, वहीं अब रोज 20 एमएलडी नए प्रोजेक्ट के तहत पानी फिल्टर करने की क्षमता बढ़ाते हुए अब रोज 34 एमएलडी पानी को साफ करने के बाद 40 वार्डों में पेयजल पहुंचाने के लिए व्यवस्था बनवाई गई। इंटेक वेल के आसपास पानी गाढ़ा होने से उसे कई बार फिल्टर करना पड़ रहा है।

# कुंए में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वीआईपी रोड के समीप शनिवार को कुंए में एक बछड़े के अचानक गिर जाने की जानकारी वहां के रहवासियों ने नगर निगम को दी। जोन 9 के अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेते हुए काउकेचर की टीम स्पॉट पर भेजी। जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू, स्वच्छता निरीक्षक महेन्द्र कलिहारी सहित उनके सहयोगियों ने बछड़े को काउकेचर की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला। इस तरह उस बछड़े की जान बच गई।

- वीआईपी रोड के समीप रहवासियों ने निगम को दी जानकारी

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित व्हीआईपी रोड में वीडब्ल्यू केन्यान के पास कुंए में बछड़ा गिर गया। लोगों ने इसकी जानकारी निगम दफ्तर तक पहुंचाई। जोन कमिश्नर संतोष पांडे के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम ने स्थल पर पहुंचकर कुंए में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रहवासियों द्वारा कुंए में अचानक गिरे बछड़े को बाहर सुरक्षित निकाले जाने के इस कार्य को लेकर काऊ कैचर टीम की सराहना की।

## 40 के ऊपर चढ़ा शहर का पारा, फिर भी सामान्य से एक डिग्री कम

रायपुर। दो-तीन दिन तक राहत के बाद शहर का पारा चालीस डिग्री से ऊपर चढ़ने की वजह से शनिवार को दिन में लोगों को गर्मी महसूस हुई। तापमान अभी भी सामान्य से एक डिग्री कम है और हल्की से मध्यम बारिश के आसार अभी भी बने हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक लगातार बादल रहने और बारिश की वजह से मौसम में ठंडकता आ गई थी। शनिवार को अचानक धूप निकलने और तापमान 40.6 तक पहुंचने की वजह से तेज गर्मी का अहसास हुआ और लोगों ने असहज महसूस किया। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक अभी द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिणी असम तक मौजूद है। दूसरी द्रोणिका मराठवाड़ा से कोमोरान क्षेत्र तक विस्तारित है।

**तापमान**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 40.6 |
| बिलासपुर | 40.4 |
| पेंड्रा | 38.4 |
| अंबिकापुर | 37.7 |
| जगदलपुर | 36.6 |
| दुर्ग | 40.2 |
| राजनांदगांव | 39.7 |

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र.-202404114200/अ-05/ वर्ष 2023-24 ग्राम-नवागांव, प.ह.नं.-15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जगमोहन सिंह पिता सुजान सिंह विरदी, निवासी-सिविल लाईन, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-नवागांव, प.ह.नं.-15, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला - रायपुर स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 5/9, 5/20 रकबा क्रमशः 0.227, 0.890 हे. कुल रकबा 1.117 हे. दर्ज था, बंदोबस्त पश्चात नया खसरा नंबर 42 रकबा 0.84 हे. दर्ज हो गया है। बंदोबस्त पूर्व और पश्चात आवेदक की भूमिस्वामी हक की भूमि मे रकबा कम दर्ज कर दिया गया है। आवेदक के द्वारा उक्त त्रुटि सुधार कर रकबा वृद्धि किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक- 27.05.2024 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि हमारे पक्षकार श्री दशरथ निर्मलकर ने विक्रेता श्री विनय कुमार वरु पिता श्री लीलाधर वरु निवासी गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) के हक़ स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो की वाके मौजा / ग्राम गोगांव प.ह.न. 50 रा.नि.म. रायपुर 4 तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा न. 495/8 रकबा 1100 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाने की राशि अदा कर दी गई हैं मात्र पंजीयन बैनामा की कार्यवाही शेष हैं।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह, निजी या सार्वजनिक संस्था, बैंक, साहूकार, निगम, प्राधिकरण, बोर्ड, शासन, प्रशासन, शासकीय/ अर्धशासकीय / अशासकीय निकाय /कार्यालय व अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार से उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे इस आम सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मेरे नीचे दिये पते पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। बाद म्याद बीतने पर की गई आपत्ति शुन्य व अवैध मानी जायेगी जो हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। और हमारे पक्षकार की स्थिति सद्भाविक क्रेता की होगी, और हमारा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय विलेख का निष्पादन कराने हेतु स्वत्रंत होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर
दिनांक 11/05/24

भवदीय
श्री गोपी राव चुटे, श्रीमति गायत्री साहू
(अधिवक्तागण)
कार्यालय :- शांभवी कन्सल्ट पॉइंट
प्रगति हार्डवेयर वाली गली बसंत विहार
गोंदवारा रायपुर (छ.ग.) मो. 7987404050

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल - रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 10.05.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पारसनाथ भारती पिता श्री कालूराम भारती निवासी लाभाण्डी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम लाभाण्डी प.ह.नं. 65 रा.नि.मं. रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 534/7 रकबा 0.0120 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 08.04.2024 के परिपालन में दिनांक 17.05.2024 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 65 के लाभाण्डी स्थित कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर-09

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र. क्रमांक /ब-121/2023-24
रायपुर, दिनांक 10.05.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-आबंटन शाखा रायपुर का पत्र क्रमांक 1252/ भू-आबंटन / 2024 रायपुर दिनांक 06/03/2024 के माध्यम से आवेदिका श्रीमती जयश्री बेन पटेल पति दिनेश कुमार पटेल निवासी- देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि, ग्राम नकटी प.ह.नं. 77, तहसील व जिला रायपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 346/1 का भाग रकबा 0.301 हे. भूमि का आबंटन हेतु मांग किया गया है। आवेदित शासकीय भूमि खसरा नंबर 346/1 की नीजी भू-स्वामी हक की भूमि से लगी है। इस हेतु शासन के जो शर्ते निर्धारित की जावेगी उनका पालन किये जाने का आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के भाग-3 कंडिका 27 के अनुसार उक्त सुखे नाले की भूमि जो कि आवेदिका की भूमि से लगी हुई है शासन द्वारा पट्टे पर आबंटित की जा सकती है, के तहत भूमि आबंटन का मांग किया गया है। उक्त भूमि को भू-आबंटन किये जाने के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव आवेदित भूमि का आबंटन किये जाने से जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 10.06.2024 को इस न्यायालय में पेश करें। बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** मोतीलाल साहू पिता/पति स्व. लखनलाल साहू, नेताजी चौक लोधी स्कूल के पास रायपुर, कोमल चंद्राकर पिता/पति दाउलाल चन्द्राकर, कुटेला आरंग, दिलेन्द्र कुमार डहरिया पिता/पति पूरनलाल डहरिया, आमासिवनी इंदिरा चौक रायपुर, ओमप्रकाश चतुर्वेदी पिता/पति तुलाराम चतुर्वेदी, आमासिवनी इन्दिरचौक रायपुर, प्रेमजीत लाल चन्द्राकर पिता/पति स्व.केजूराम चंद्राकर, ग्राम भिलाई आरंग, पीताम्बर धीवर पिता/पति बहार प्रसाद धीवर, चरौदा आरंग, मोहिनी साहू पिता/पति डोमन लाल साहू, भिलाई आरंग, दीपक कुमार यादव पिता/पति सुखदेव यादव, भिलाई आरंग, दीपक कुमार साहू पिता/पति यादराम साहू, खपरी तामासिवनी, सुखनंद प्रसाद साहू पिता/पति स्व. विशाल राम , खपरी गिधवा, कुलदीप यादव पिता/पति स्व. विश्राम यादव, वार्ड-9 बागदिपारा, भूपेंद्र कुमार वर्मा पिता/पति परस राम वर्मा, जरौदा, विजय कुमार रात्रे पिता/पति हरमोहन लाल रात्रे, गुखेरा आरंग, गंगाधर साहू पिता/पति लक्ष्मीनाथ साहू, अकोलिकलन, मन्नू राम साहू पिता/पति सुखनंद साहू, देवरी आरंग, रतनुलाल पिता/पति शिव लाल, परसकोला, लिलेश्वर साहू पिता/पति स्व. चिन्ताराम साहू, अकोलीकला, चुरामन निर्मलकर पिता/पति आशाराम निर्मालकर, परसकोला, लीलाधर साहू पिता/पति बहुराम साहू, देवरी आरंग, महेश कुमार पटेल पिता/पति अत्जुन भाई पटेल, खरोरा रोड आरंग, भरतलाल साहू पिता/पति मेहतर लाल साहू, अकोली कला आरंग, गोपीराम साहू पिता/पति स्व. लेखन साहू, बनचरौदा आरंग, पोषण लोधी पिता/पति स्व. मनुलाल लोधी, लोधीपारा आरंग, मधुसुदन साहू पिता/पति स्व. टेकू राम साहू, एल आई जी 123 दीनदयाल कॉलोनी आरंग, प्रमोद जलछात्री पिता/पति शिवकुमार जलछात्री, बागेश्वर पारा आरंग, कृष्णा कुमार चंद्राकर पिता/पति स्व. मोहन लाल चंद्राकर, मंजूषा मेडिकल स्टोर आरंग, अवध राम साहू पिता/पति स्व. रामनाथ साहू, बनरसी आरंग, नेमीचंद साहू पिता/पति शंकर लाल साहू, गुल्लू आरंग, सुशील यादव पिता/पति परउराम यादव, शास्त्री नगर अकोली रोड आरंग, भास्कर प्रसाद यादव पिता/पति मिलन राम यादव, आरंग, रामन देश साहू पिता/पति हेमन लाल, गोइंदा छतेरा, रामू निषाद पिता/पति तिरिथ राम निषाद, गोइंदा आरंग, रामबगस चंद्राकर पिता/पति स्व. गंगाराम चंद्राकर, बोरिद रसनी आरंग, उर्मिला चंद्राकर पिता/पति रामबगस चंद्राकर, बोरिद रसनी आरंग, राजकिशोर अग्रवाल पिता/पति दुआनंद अग्रवाल, वार्ड न.9 अग्रवाल पारा आरंग, गंगा साहू पिता/पति देवनाथ साहू, गोपाल नगर रायपुर, रामाधार वर्मा पिता/पति स्व. भूखन लाल, मेहर सखा मनोहर, श्रीकांत पटेल पिता/पति चन्दन पटेल, खौना, प्रमिला वर्मा पिता/पति भुषण लाल वर्मा, बरतोरी, अजय कुमार सोनी पिता/पति शम्भु प्रसाद सोनी, खूडमुड़ी पथरी धरसीवा, वर्षा वर्मा पिता/पति मनोज कुमार वर्मा, कुरूद सिलयारी, प्रेमलाल साहू पिता/पति छेदन साहू, निनवा, तिलक राम साहू पिता/पति भारत साहू, मनोहरा, देवकी पटेल पिता/पति पुरुषोत्तम पटेल, धनेली गिरौद, मालिक राम वर्मा पिता/पति झुमुकलाल वर्मा, गिरौद मांढर, विक्रांत नायक पिता/पति मनीष कुमार नायक , गिरौद मंदिरपारा रायपुर, पुष्प अनंत पिता/पति देवानंद अनंत, गिधौरी नगरगाँव रायपुर, सी.पी. वैष्णव पिता/पति हरिदास वैष्णव, टेकारी, राजकुमार साहू पिता/पति घनश्याम साहू, विकाश नगर गुढ़ियारी, मोनिका मंडराई पिता/पति महेश कुमार मंडराई, गैलेक्सी टाउन रिंग रोड 03 तुलसी रायपुर, तुलसी राम शर्मा पिता/पति हेमनाथ शर्मा, पी. एस सिटी कॉलोनी अ\42 कुशालपुर चौक चंगोराभाटा रायपुर, रमेश कुमार चंद्रवंशी पिता/पति बोधन लाल चंद्रवंशी, डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, रेवाराम रघु पिता/पति स्व. बरातुराम रघु, मांढर व्हाया धरसीवा, मोहर महानंद पिता/पति मुन्ना राम महानंद, मौलीपारा तेलीबांधा रायपुर, दुलारी तांडी पिता/पति स्व. निरण तांडी, महावीर नगर न्यू अमित होम रायपुर, लतीफ़ खान पिता/पति अजीत खान, चांदनी चौक नेहरू नगर रायपुर, इन्द्राणी बेरिहा पिता/पति अजय बेरिहा, राधास्वामी नगरभाटा रायपुर, बद्री सोनी पिता/पति स्व. परमानन्द सोनी, इंडियन गैस गोदाम डगनिया रायपुर, जाकिर अली पिता/पति वाहिद अली, सुभाष नगर कुकरीपारा रायपुर, नंदकुमार वर्मा पिता/पति स्व. प्राण नाथ वर्मा, विजय नगर भनपुरी रायपुर, चाँदनी विश्वकर्मा पिता/पति राकेश कुमार विश्वकर्मा, मोवा दलदल सिवनी रायपुर, मनोज कुमार साहू पिता/पति अश्वनी साहू, नयी जमींन माना कैंप रायपुर, भावेश रंजन बंछोर पिता/पति नोहरलाल बंछोर, शिवोम विहार कॉलोनी महादेवघाट रायपुर, लता तुरियाकर पिता/पति दिकेश तुरियाकर, पुरानी बस्ती गोगांव रायपुर, शांतिलाल चावड़ा पिता/पति बजरंग चावड़ा, महाराजा वीरभद्र नगर रायपुर, संतोष कुमार साहू पिता/पति धनुषराम साहू, डूमरतराई देवपुरी रायपुर, ज्ञानदास वैष्णव पिता/पति स्व. बिसंभर दास वैष्णव, शेरीखेडी रायपुर, हेमनारायण गन्धर्व पिता/पति गंगाराम गन्धर्व, चरोदा फिन्गेश्वर, कमल चंदवानी पिता/पति अनिल चंदवानी, कटोरा तालाब रायपुर, जय शंकर प्रसाद यादव पिता/पति नोहर लाल यादव, कुंरा धरसीवा रायपुर, यामिनी साहू पिता/पति दिगेश्वर साहू, अयोध्या नगर न्यू चंगोराभाटा रायपुर, सोमन कुमार रिगरी पिता/पति द्वारिका राम रिगरी, बेलर अभनपुर, परमानन्द सोनवानी पिता/पति नारायण सोनवानी, दलदल सिवनी वार्ड 7 रायपुर, रामजी साहू पिता/पति छोटूराम साहू, उपरपारा थाना राखी नया रायपुर, अमित शेंडे पिता/पति मुकेश शेंडे, अंजनी विहार कॉलोनी सेक्टर 3 शिवानन्द नगर रायपुर, नन्द कुमार देवांगन पिता/पति स्व. समारू राम देवांगन, कुशालपुर रायपुर, लक्ष्मी यादव पिता/पति गोविन्द यादव, दया नगर दलदल सिवनी रायपुर, डिंपल साहू पिता/पति माखन लाल साहू, भवानी नगर कोटा रायपुर, किजुराम रजक पिता/पति डेरहाराम रजक, मंदिरहसौद, दिनेश कुमार पाण्डेय पिता/पति खेदु प्रसाद पाण्डेय, ओल्ड महेंद्र पुरम कॉलोनी मंदिरहसौद रायपुर।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes • Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal attention on each students • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
• Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558, 9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com

Eicher School Bus
ASSURANCE OF SUPERIOR SAFETY
• RELIABLE AND STRONG • NEXT GEN FEATURES
• BENCHMARK OF SAFETY • COMFORT & CONVENIENCE
EICHER PARTNERING PROSPERITY
GK Automotive Pvt Ltd
Opp. Kabir Nagar, Sondongri, Ring Road No.-2, Raipur (C.G.)
Mo.: 98268 97000
BRANCHES: DURG | RAJNANDGAON DHAMTARI | MAHASAMUND BALODA BAZAAR
Contact to Add Your School - 79871-19756

## खबर संक्षेप

### पूर्व चैंबर अध्यक्ष ने किया चैंबर संविधान संशोधन का स्वागत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष पूरनलाल अग्रवाल ने चैंबर के संविधान संशोधन का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पहले चैंबर परिवार छोटा था, वर्तमान में इसकी सदस्यता बढ़कर 25 हजार तक पहुंच गई है। ऐसे में चैंबर संविधान में संशोधन लाजिमी है। वर्तमान में हुए संशोधन को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, चैंबर संविधान में संशोधन शत–प्रतिशत नियमों के अनुसार किया गया है। इस संशोधन के तहत चैंबर के पूर्व अध्यक्ष भी अब आगामी चैंबर चुनाव में चुनाव लड़ सकेंगे, जिन्हें भी चुनाव लड़ना है, वो खुलकर सामने आएं और चुनाव लड़ें।



### भगवान परशुराम की 11 सौ दीपों से आज महाआरती

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राम्हण परिषद द्वारा 'भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर 11 सौ दीपों से महाआरती, भजन एवं भोजन प्रसादी' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अम्बा देवी मंदिर परिसर, सत्तीबाजार में 12 मई को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा एवं कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने बताया कि भगवान परशुराम की महाआरती राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास एवं गुरु आदिशंकराचार्य के प्रांत प्रमुख ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद महाराज की अगवाई में की जाएगी। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, सभापति प्रमोद दुबे, विधायक अनुज शर्मा, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, नेता प्रतिपक्ष मीनल-छगन चौबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, पार्षद सरिता-आकाश दुबे शामिल होंगे।

### राहगीरों को गर्मी से राहत देने मठा वितरित




**रायपुर।** इस भीषण गर्मी से राहगीरों राहत देने के लिए सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के पदाधिकारियों ने शहर के लोगों को मठा वितरित किया। कार्यक्रम में चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, एक पहल के संरक्षक राजेश वाधवानी और बढ़ते कदम से हरीश दानवानी, राजू तरवानी, सिंधु समाधान से देवराज गुरनानी, सिंधी साहिती बिरादरी मंडल से अध्यक्ष दिलीप इसरानी, महासचिव सुनील अजवानी, राजेश विधानी, सोनू गोवानी, अनिल हेमानी, हरीश अजवानी, सेवाराम हेमानी, विजय हेमानी, अशोक इसरानी, अजीत मोटवानी, शंकर दानवानी, गोविंद, हरिश अजवानी, सतीश छुगानी, मनोहर छुगानी आदि शामिल हुए।

### आंबेडकर अस्पताल में मनाया गया नर्स दिवस



**रायपुर।** इंटरनेशनल नर्सेज डे की पूर्व संध्या पर आंबेडकर अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा इस दौरान नर्सों के लिए रंगोली, मेंहदी, चित्रकला, डांस, गायन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस दौरान विजेताओं को चिकित्सा अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक डॉ. एसबीएस नेताम द्वारा पुरस्कार का वितरण भी किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर 12 को मई मनाया जाता है।

# इंटरवेशनल प्रक्रिया पूरी कर डाक्टरों ने दिलाया महिला को मातृत्व सुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्भाशय की दुर्लभ एंडोवैस्कुलर बीमारी एवी मालफॉर्मेशन नामक बीमारी से पीड़ित महिला का उपचार कर आंबेडकर अस्पताल के डाक्टरों ने उसे मातृत्व सुख प्राप्त करने में मदद की। उसके इलाज के लिए रेडियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने एंडोवैस्कुलर गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन नामक इंटरवेशनल प्रोसीजर पूरा किया। चिकित्सकों के मुताबिक महिला को पिछले कई माह से अत्याधिक रक्तस्त्राव की समस्या हो रही थी, जिसके कारण उसका हीमोग्लोबिन काफी कम हो गया था। सक्ति जिले में रहने वाली महिला को उपचार के लिए बिलासपुर मेडिकल कालेज से आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया था। आंबेडकर अस्पताल के स्त्री रोग विभाग की ओपीडी में उसकी विभिन्न तरह की जांच के बाद महिला की बीमारी का पता चला। समस्या के समाधान के लिए उसे रेडियोलॉजी विभाग भेजा गया। कलर डाप्लर सीटी स्कैन एवं एमआरई के बाद बीमारी की पुष्टि कर इलाज की प्रक्रिया शुरू की गई। चिकित्सकों ने बिना चीरफाड़ के गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन (यूएई) प्रक्रिया द्वारा एवीएम में असामान्य रक्त वाहिकाओं को ब्लॉक कर दिया। इस प्रक्रिया के आठ महीने बाद महिला गर्भवती हुई, उसने स्वस्थ जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इस उपचार प्रक्रिया को डॉ. पात्रे के साथ डॉ. नोबल चंद्राकर, डॉ. राहुल ठाकुर, डॉ. प्रसंग, डॉ. जूही, एनेस्थेसिया से डॉ. प्रतिभा जैन शाह, टेक्नीशियन नरोत्तम और यशवंत साहू ने मिलकर पूरा किया।

## गर्भाशय की एवी मालफॉर्मेशन बीमारी से पीड़ित थी महिला

### ऐसे पूरी हुई प्रक्रिया

इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि कमर के नीचे बेहोश करके दाहिनी जांघ के फिमोरल आर्टरी में एक पतली सी तार और कैथेटर डालकर पिन होल तकनीक से एवी मालफॉर्मेशन को खून सप्लाई करने वाली बायीं और दायीं धमनी को एम्बोलिक एजेंट डालकर बंद कर दिया गया। इससे मालफॉर्मेशन में खून का बहाव रुक गया और उसकी समस्या का समाधान हो गया।



### जुड़वा बच्चों की मां बनने का सुखद अहसास

उपचार के बाद मातृत्व सुख प्राप्त करने वाली महिला ने कहा कि गर्भावस्था में विभिन्न प्रकार की तकलीफों के बाद भी मातृत्व सुख असीम आनंद देने वाला होता है और आंबेडकर अस्पताल के रेडियोलॉजी एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों के उपचार की मदद से मुझे भी मातृत्व सुख प्राप्त हुआ। इस बार मातृत्व दिवस मेरे लिए दो बच्चों के साथ बेहद सुखद अहसास लेकर आया है।

## निगम ने बेहतरी के लिए बढ़ाए दो जोन, मगर सामुदायिक भवनों की अटकी सुविधा

# दो सामुदायिक भवनों में जोन दफ्तर, सिर्फ एक के लिए जमीन, दूसरे के लिए तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में निगम और स्मार्ट सिटी ने मिलकर जन सरोकार के कई काम करवाए हैं। वहीं आउटर में दो वार्ड ऐसे हैं, जहां 25 से 30 हजार की आबादी के लिए बनवाए गए सामुदायिक भवन की सुविधा भी मांगलिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए चार साल से नहीं मिली है। लोगों के लिए बनवाए गए सामुदायिक भवनों में चार साल से जोन दफ्तर संचालित है। इससे लोगों को वार्डों में सामुदायिक भवन होने के बाद भी सुविधा नहीं मिल रही है। लोगों को भवन के लिए अभी भी इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि निगम ने मोवा में जोन-9 के लिए जी-वन कैटेगरी में बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय की है।

राजधानी की तेजी से बड़ती सीमा में जुड़े नए वार्डों में निगम की सुविधा बेहतर की जा सके, इस लिहाज से शासन के आदेश पर निगम में शामिल वार्डों व जोन का परिसिमन एवं विभाजन हुआ। तब आनन-फानन में मोवा थाना के पास वार्ड 9 में शामिल इकलौते सामुदायिक भवन में निगम ने जोन कार्यालय शुरू किया। इसी तरह डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड यानी 52 में सरकारी स्कूल परिसर में स्थित वार्ड के इकलौते सामुदायिक भवन में जोन -10 कार्यालय शुरू हो गया। निगम सूत्रों ने बताया कि नए जोन कार्यालय की शिफ्टिंग के दौरान दो साल में क्षेत्र में सरकारी जमीन का सर्वे करने के बाद जोन कार्यालय बनाने की प्रक्रिया करने का दावा किया गया। चार साल बाद भी वार्ड 52 एवं 09 में स्थित सामुदायिक भवन लोगों की सुविधा के लिए निगम ने नहीं खाली किया है।

### 98 लाख में बनेगी नई बिल्डिंग

*सूत्रों ने बताया कि मोवा में जोन कार्यालय बनाने के लिए जगह तय करने के बाद वहां निर्माण के लिए एजेंसी को मार्च में जिम्मेदारों ने वर्कआर्डर दिया है।इसके लिए शासन से 98 लाख की मंजूरी मिलने से ड्राइंग-डिजाइन तैयार करवाने के साथ ही काम भी शुरू किया गया है। अभी केवल बिल्डिंग निर्माण के लिए फंड मिला है। इसके अलावा परिसर में पार्किंग, स्ट्रीट लाइट, सड़क जैसी कई सुविधाओं के लिए निगम को दोबारा प्लानिंग करनी होगी, चूंकि इन कार्यों के लिए बजट नहीं मिला है। एजेंसी को नई बिल्डिंग का काम पूरा करने के लिए 12 महीने का समय दिया है, इसे समय से पहले पूरा करने की तैयारी है।*



### अभी तक जगह भी तय नहीं

*वहीं वार्ड 52 की पार्षद संध्या नानू ठाकुर ने अमलीडीह पानी टंकी के पास स्थित सामुदायिक भवन को खाली करवाने के लिए कई बार निगम में आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड में यह इकलौता सामुदायिक भवन है। इसे हर वर्ग के लोग वैवाहिक एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बुक करते थे। चार साल पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जोन 10 कार्यालय शिफ्ट करने के बाद सुध नहीं ली गई। इससे अभी तक लोगों की सुविधा के लिए भवन भी वापस नहीं मिला। इसके लिए दबाव बनाने पर अधिकारी यहां-वहां जमीन तय करने का भरोसा दिलाते हैं, अभी तक इसकी कार्ययोजना भी नहीं बना पाए।*

### लोग करते थे भवन की बुकिंग

*मोवा वार्ड क्रमांक 09 की पार्षद द्रौपदी हेमंत पटेल ने बताया कि चार साल से वार्ड के इकलौते भवन को खाली करवाने के लिए प्रयास किया। नई सरकार आने से पहले मोवा स्थित आश्रय स्थल के पास जोन कार्यालय की नई बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय हुई। विधानसभा चुनाव के बाद जोन दफ्तर बनाने के लिए फंड की स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय हुई है। इसे बनने में सालभर लगेगा इसलिए वार्ड के लोगों को भवन की सुविधा के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। जोन कार्यालय शुरू होने से पहले हर साल लोग सैकड़ों लोग छोटे-बड़े आयोजनों के लिए बुक करवाते थे, अब प्राइवेट भवन बुक करते हैं।*

### एक जोन कार्यालय का निर्माण शुरू

जमीन का चिन्हांकन व सीमांकन की प्रक्रिया के बाद प्रस्ताव भेजते हैं। इसके चलते विलंब की स्थिति बनती है। अभी मोवा में जोन कार्यालय का निर्माण शुरु हुआ है। जल्द ही जोन -10 के लिए भी जगह तय किया जाएगा।

- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

# छत्तीसगढ़ में मतदान के बाद मतगणना की तैयारी, 16 से प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का मतदान पूरा होने के बाद अब निर्वाचन आयोग मतगणना की तैयारी में जुट गया है। मतगणना के लिए कर्मियों को 16 मई से प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी है। निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय व राज्य मास्टर ट्रेनर्स को बुलाया गया है। वे रिटर्निंग अफसरों, सहायक रिटर्निंग अफसरों, काउंटिंग अफसरों को संबंधित जिलों में ट्रेनिंग देंगे। 4 जून को होने वाली मतगणना से पूर्व सभी अफसर और कर्मियों को तैयार किया जाएगा।



- 4 जून को मतगणना, 1302 कर्मचारी की ड्यूटी लगेगी

लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 220 प्रत्याशियों का भाग्य तीन चरणों में मतदान के बाद ईवीएम में कैद हो गया है। 4 जून को को सभी के भाग्य का फैसला प्रदेश के विभिन्न जिलों में होने वाली मतगणना के बाद होगा। मतगणना के लिए माईक्रो अब्जर्वर की देखरेख में पूरा कार्य रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसरों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। निर्वाचन ने हर लोकसभा के विधानसभाओं के आधार पर 14 टेबल लगाई जाएंगी। वहां पर 7 काउंटिंग अफसरों के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी और माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। सभी जिलों में डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 110 सहायक रिटर्निंग अफसर लगाए जाएंगे। मतगणना में कुल 1302 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# आदि शंकराचार्य का प्राकट्य महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदि शंकराचार्य के प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में पीठ परिषद्, आदित्यवाहिनी-आनन्दवाहिनी द्वारा देशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 12 मई को गोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती के मार्गदर्शन में सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित है। इसमें शिवार्चन रूद्राभिषेक, विचार गोष्ठी, सत्संग, पौधा रोपण, फल वितरण, सहस्त्रार्चन पूजन आराधना का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या में सुरीले भजनों की प्रस्तुति होगी। गोरक्षा, जलसंकट निवारण, हिंदुओं के मानबिन्दुओं की रक्षा संबंधी विविध कार्यक्रम भी इस मौके पर उत्साह के साथ आयोजित होंगे। आदि शंकराचार्य के प्राकट्य महोत्सव को सभी इकाइयों में हर्ष उल्लास के साथ मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसी कड़ी में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती द्वारा संस्थापित प्रांतीय कार्यालय सुदर्शन संस्थान और पुरी के शंकराचार्य आश्रम में रविवार को प्रातः 9 बजे से आचार्यों की मौजूदगी में रूद्राभिषेक और आराधना की जावेगी। 11.30 बजे से आदि शंकराचार्य जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर उद्बोधन होगा। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. तोयनिधि वैष्णव शामिल होंगे। इस प्राकट्य महोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिये आश्रम में प्रसाद की व्यवस्था रखी गई है। सुदर्शन संस्थानम् के मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने इसकी जानकारी दी।



- सुदर्शनम संस्थानम में प्रात: 9 बजे मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक

# चार स्थानों पर जल सेवा केंद्र शुरू

## साधक परिवार ने गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने किया जतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के दिनों में लोगों की प्यास बुझाने साधक परिवार की ओर से शहर में 4 स्थानों पर शीतल जल सेवा केन्द्र शुरू किया गया है। इनमें रेलवे स्टेशन में हनुमान मंदिर के पास, प्लेटफार्म नंबर 1 में पार्सल आफिस के पास, प्लेटफार्म नंबर 2 और प्लेटफार्म नंबर 3 में यात्रियों की सुविधा के लिए निःशुल्क शीतल जल उपलब्ध कराया गया है। साधक परिवार के मीडिया प्रभारी शोभराज मल ने बताया, शहर में वाटर कूलर की व्यवस्था अलग-अलग जगहों पर की गई है। इसमें विधानसभा ओवरब्रिज के पास, अमलेश्वर थाने के सामने, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के गेट नम्बर 2 के पास और गेट नंबर 4 में लोगों को गर्मी के सीजन में ठंडा पानी निःशुल्क उपलब्ध कराने मशीन लगाई गई है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वधर्म प्रार्थना व मंगल आरती कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही यात्रियों को केला व शरबत का निशुल्क वितरण किया गया! रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जीआरपी थाने के प्रभारी, माहेश्वरी समाज के राजकुमार राठी, सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, साधक परिवार के प्रेम गोविंदानी, लेखराम साहू, हरेश गोविंदानी, मनोज गोगिया, डीडी सोनी, राकेश दसानी सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

- प्लेटफार्म नंबर 1 पर पार्सल आफिस के पास प्याउघर

# केजरीवाल को भाजपा की चिंता करने की जरूरत नहीं- डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर डा. रमन सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक बयान पर पलटवार करते हुए दो टूक में कहा है कि उन्हें भाजपा की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पार्टी ने अब तक उन्हें जिस पद की जिम्मेदारी दी है, उसका वे निर्वहन करते आये हैं। पहले 15 साल मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई थी और अब विधानसभा स्पीकर पद की दी गई है।



स्पीकर रमन सिंह ने यह बयान एक एजेंसी को दिए इंटरव्यू में दिया है। इस इंटरव्यू को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट भी किया है। रमन सिंह ने इस पोस्ट में दो-टूक में कहा कि केजरीवाल को भाजपा की चिंता बिलकुल नहीं करना चाहिए। चाहे मैं हूं, शिवराज जी हों या योगी जी हों, हम सभी मेहनत से आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे 15 साल सीएम और अब स्पीकर का दायित्व सौंपा है, जिसका मैं निर्वहन कर रहा हूं। इससे पहले भी पार्टी ने मुझे जब भी जो जिम्मेदारी दी, मैंने उसे पूरी निष्ठा से निभाया है। डा. रमन ने कहा कि केजरीवाल चुनाव को देखकर और नतीजों का अनुमान लगाकर बौखला गए हैं। जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर रही हैं और जो भी दोषी पाए जा रहे हैं, उन्हें दंडित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उनके ट्रैक रिकार्ड पर जनता को अटूट विश्वास है। कांग्रेस अपनी हार को देखकर निराशा में डूब रही है। निःसंदेह भाजपा देशभर में 400 से ज्यादा सीटों पर जीतकर आएगी और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

विदित हो कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर एक टिप्पणी की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे सिंधिया और डा. रमन सिंह की राजनीति खत्म हो गई है तथा दो माह बाद यूपी के सीएम योगी को भी हटा दिया जाएगा। डा. रमन सिंह ने केजरीवाल की इस टिप्पणी पर पलटवार किया है।

- नि :संदेह भाजपा देशभर में 400 से ज्यादा सीटों पर जीतकर आएगी

## पेज 9 के शेष

### करोड़ों की टंकी बनी...

पानी भरने की नौबत आ गई है, क्योंकि नवा तालाब में पर्याप्त पानी नहीं है। फुंडहर की पानी टंकी में भी यही नौबत आई, जिसमें निगम के जिम्मेदारों ने फजीहत से बचने 4 माह पहले तालाब से पानी लाकर टंकी की टेस्टिंग कराई। पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी इलाके में नगर निगम आज तक लोगों के घरों में नई पानी टंकी से पीने का साफ पानी नहीं पहुंचा पाया। इसी इलाके में स्थित आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में सीवरेज का दूषित पानी बोरपंप में मिलने से 100 लोगों के डायरिया संक्रमण को लेकर बवाल मचा था। तब इस कालोनी से महज 1 किलोमीटर दूर 25 लाख लीटर क्षमता की नई पानी टंकी इसलिए लोगों के काम नहीं आ सकी, क्योंकि टंकी से पानी पहुंचाने अमृत मिशन वाले राइजिंग लाइन नहीं बिछा पाए। अब गर्मी में यह स्थिति है कि लभांडी बस्ती के अलावा, सूरजनगर, ब्रम्हदेव नगर सहित आसपास के कालोनी वासी बोरवेल भरोसे हैं। ब्रम्हदेव नगर में पानी की किल्लत होने से वहां लोगों की प्यास बुझाने रोज पानी टैंकर की जरूरत पड़ रही है।

### टंकी खाली छोड़ने पर...

स्थानीय रहवासियों ने गर्मी में तालाब के सूखने और निस्तारी का संकट का हवाला देते हुए इससे मना कर दिया। अब अमृत मिशन के अधिकारी पानी टंकी को चटकने से बचाने टैंकर से पानी लाकर नई टंकी में भरने की तैयारी में हैं।

### फुंडहर की नई पानी...

तक इंटर कनेक्शन का काम भी शुरू नहीं हो पाया है। ऐस में नई पानी टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है। इस गर्मी में इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पायेगा। हालांकि नई पानी टंकी का लोड जानने गांव के तालाब का पानी टंकी में भरकर हाइड्रो टेस्टिंग 4 माह पहले करा ली गई, पर राइजिंग लाइन बिछाने का काम लंबित है।

### 13 में 6 घाट में...

की जानकारी ली। इस दौरान कुछ ट्रेडर्स संचालकों ने कहा कि ज्यादातर घाट बंद पड़े हैं, इसलिए रेत की सप्लाई प्रभावित है। अगर रेत चाहिए तो वे दिला सकते हैं, लेकिन 16 रुपये फीट की कीमत पर रेत मिल पाएगी। 500 फीट रेत होना तो 8 हजार रुपये देना पड़ेगा और अगर एक हजार फीट होना, तो 15 से 16 हजार रुपये लगेंगे। कुछ संचालकों ने यह तक कह दिया कि रेत अभी आ ही नहीं रही है, इसलिए नहीं दे पाएंगे।

### घर खरीदने पर महंगाई...

नई योजना पर पड़ेगा बड़ा असरः रियल एस्टेट की नई योजनाओं पर अब जमीन की कीमत का बड़ा असर पड़ने वाला है। पहले अगर किसी क्षेत्र में जमीन की कीमत हजार रुपए वर्ग फीट थी तो वह 700 रुपए हो गई थी, लेकिन अब वापस इसकी कीमत हजार रुपए हो गई है। ऐसे में हजार वर्ग फीट में बनने वाले मकान की जमीन की कीमत ही तीन लाख बढ़ जाएगी। अगर जमीन की कीमत किसी क्षेत्र में तीन हजार रुपए वर्ग फीट हो गई है तो वहां पर जमीन की कीमत पर ही 9 लाख का फर्क आ जाएगा। इसी के साथ अब रजिस्ट्री का शुल्क भी सात लाख के स्थान पर 10 लाख और 21 लाख के स्थान पर 30 लाख पर लगेगा। यानी रजिस्ट्री में भी बड़ा फटका लगेगा। ऐसे में नई योजनाओं के मकान पांच से छह फीसदी इसके कारण भी महंगे होंगे। 20 फीसदी कीमत पहले ही बढ़ी है और नई योजनाओं में पांच से छह फीसदी कीमत में और इजाफा होने के कारण नई योजनाओं के जो भी मकान बनेंगे वो कम से कम अब 25 फीसदी तक महंगे हो जाएंगे।

### 31 लाख का अहाता...

प्रतिदिन 40-50 हजार कमाई तब होगा मुनाफाः अहाता को 94 लाख 47 हजार रुपये में लिया गया है। इस राशि को 11 महीने में बांटें, तो एक माह का 8 लाख 58 हजार से अधिक रुपये होता है। इस तरह इस ठेके में मासिक कम से कम 9 से 10 लाख रुपए आय होगी, तब जाकर इससे अहाता ठेकेदार की कमाई होगी। इस तरह प्रतिदिन कम से कम 30 से 40 हजार रुपए की कमाई ठेकेदार को अहाता से करनी होगी।

### नवा रायपुर स्मार्ट सिटी...

नगर स्मार्ट सिटी के 54 प्रोजेक्ट में से 35 प्रोजेक्ट पूरे हो गये, जबकि 19 प्रोजेक्ट अभी अधूरे हैं। दरअसल, केन्द्र सरकार ने देश के 100 चुनिंदा शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने चयनित किया। इसमें छत्तीसगढ़ के रायपुर, नवा रायपुर अटल नगर और बिलासपुर शहर शामिल है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 5 साल में 419 करोड़ के प्रोजेक्ट पूरे किये, जबकि आधा दर्जन प्रोजेक्ट अभी अधूरे हैं। इन्हें जून से पहले पूरा करना है। इनमें से प्रमुख रूप से 15 वार्डों में 24 घंटे भरपूर पानी पहुंचाने की योजना, 7 प्रमुख मार्गों में अंडरग्राउंड केबलिंग का काम, बहुमंजिला शास्त्री बाजार, नये मटन मार्केट का निर्माण, इसके साथ महाराजबंद, नरैया और खोखो तालाब में पानी शुद्धिकरण के लिए एसटीपी लगाने के प्रोजेक्ट हैं। इसके लिए करीब 20 करोड़ का बजट है।


### मॉडल स्टेशन से पहले...

एस्केलेटर फरवरी में शुरू हो जाना था, लेकिन रेलवे के पास जगह ज्यादा नहीं है, इस कारण वह लेंग्थ बढ़ा नहीं सकता। प्लेटफार्म पर निर्धारित जगह में ही उसको एस्केलेटर लगाना है। यही कारण है कि रेलवे के अफसरों ने ड्राइंग डिजाइन एक्सपर्ट को बुलाया था। एक्सपर्ट नई डिजाइन बनाकर देंगे, उसके बाद एस्केलेटर लगाने का काम शुरू होगा। इससे यात्रियों को फूट ओवरब्रिज की सीढ़ी चढ़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। **सीनियर सिटीजन के लिए बड़ी राहतः** रायपुर स्टेशन से रोजाना 90-95 ट्रेनें गुजरती हैं। इन ट्रेनों से रोजाना औसतन 50 हजार मुसाफिर सफर करते हैं और 10 हजार से ज्यादा लोग प्रतिदिन स्टेशन में अपने परिजनों को लेने आते हैं।

### कोर्ट से पुलिस को...

आरोपियों को पेशी में लेकर आए रक्षित केंद्र के आरक्षक विकास कुमार और शिवनंदन साहू ने उसे पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वह फरार होने में कामयाब हो गया।





02 गर्मी में भगवान को लगा रहे चंदन ...

**लाइव इवेंट**

## इंडियन नेवी एसएसआर-एमआर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी

**रायपुर।** भारतीय नौसेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। इंडियन नेवी की ओर से अग्निवीर योजना के तहत एसएसआर एवं एमआर (SSR/ MR 02/2024 Batch) भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का ऐलान किया गया है। नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही इंडियन नेवी की ओर से आवेदन तिथि को भी घोषित कर दिया गया है। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए योग्यता पूरी करते हैं, वे 13 मई से 27 मई 2024 तक फॉर्म भर सकेंगे। एप्लिकेशन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से इंडियन नेवी की ऑफिशियल वेबसाइट joinindiannavy.gov.in पर जाकर भर सकेंगे। इस भर्ती में फॉर्म भरने के लिए आपको सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा और इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म पूर्ण करना होगा।

### बायोलॉजी में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना जरूरी

इस भर्ती में एमआर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल (10वीं) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। एसएसआर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का मैथमेटिक्स, फिजिक्स एवं कंप्यूटर साइंस/ केमिस्ट्री/ बायोलॉजी में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया हो। इसके साथ ही अभ्यर्थी का जन्म 1 नवंबर 2003 एवं 30 अप्रैल 2007 के बीच हुआ हो। पात्रता एवं मापदंड की विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें। इस भर्ती में शामिल होने के लिए सभी वर्गों के उम्मीदवारों को आवेदन के लिए 550 रुपए शुल्क का भुगतान करना होगा। आवेदन शुल्क ऑनलाइन माध्यम से डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

## अग्रवाल समाज ने जरूरतमंद महिलाओं को बांटी ट्राइसिकल



**रायपुर।** भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल की ओर से जरूरतमंद महिलाओं को ट्रायसिकल वितरित की गई। इसके साथ ही 300 लीटर मठा बांटकर आमजनों को राहत पहुंचाई गई। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रभारी कैलाश मुरारका, महामंत्री मनमोहन, महिला मंडल की अध्यक्ष माया मुरारका, महामंत्री ममता अग्रवाल उपस्थित रहे। नीरू तायल की ओर व्हीलचेयर प्रदान की गई। प्रभारी कैलाश मुरारका ने कहा कि अग्रवाल महिला मंडल सेवाकार्य में हमेशा आगे रहा है, कोई भी कार्य अग्रवाल समाज के बिना संभव नहीं है। कार्यक्रम के जरिए समाज की महिलाओं ने जरूरतमंद की मदद करने का संकल्प लिया। समाज की ताकत बनने हर व्यक्ति अपने स्तर पर प्रयास करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और विशेष रूप से सरिता बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहे।

### बच्चों के लिए कोई मां बनी ऑटो ड्राइवर तो किसी ने घर खर्च निकालने कथक सिखाया

# बच्चों की खुशियों के लिए 'मां' ने तकलीफों को लगाया गले

"मां की ममता में बच्चों की प्रति प्यार कभी कम नहीं हो सकता। बच्चों की खुशियों के लिए अपनी तकलीफ से समझौता कर ले, वही मां है। आज मदर्स डे के विशेष अंक में हरिभूमि ऐसी मां की कहानी लेकर आया है, जिन्होंने जीवन के हर मुश्किल वक्त में खुद को कभी हारने नहीं दिया।

**मदर्स डे विशेष**

रायपुर। कोई परिवार और बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारियों को पूरा करने ऑटो चालक बन गई तो कोई 12 घंटे इसलिए काम कर रही है, ताकि बच्चों को किसी भी तरह की समस्या न आए। ऐसी मां अपने बच्चों की हर परिस्थिति में ढाल की तरह खड़ी हैं, जिससे अब समाज को नई प्रेरणा मिल रही है। बातचीत में महिलाओं ने बताया कि सब खत्म होने के बाद नई शुरुआत जीवन का सबसे कठिन समय होता है, लेकिन जिसने इसका सामना कर लिया, समझो उसे जीवन में कोई हरा नहीं सकता। हर परिस्थिति में लड़ना उस मां को आ जाता है।

### सीखा ऑटो चलाना

जब हौसले बुलंद हों तो कोई काम मुश्किल नहीं। मदर्स डे के खास मौके पर हम उस मां की बात करने जा रहे हैं, जिन्होंने अपने बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए ऑटो रिक्शा चलाना सीखा। हरिभूमि से बातचीत के दौरान त्रिवेणी डहरिया ने अपने जीवन के कई पड़ाव साझा किए। उन्होंने बताया, शादी के कुछ साल बाद घरेलू कारणों से पति का साथ छूट गया और मेरे कंधों पर दो छोटे बच्चों की जिम्मेदारी आ गई। शुरुआती दौर में होटल में साफ-सफाई का काम किया, जिसके बाद परिजनों की सलाह पर पैसे उधार मांगकर ऑटो खरीदा। जीवन में कभी ऑटोरिक्शा चलाने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन जब बात बच्चों की आई तो भाई के सहयोग से वो भी सीख लिया। अब दो साल से मैं ऑटोरिक्शा चलाकर हर माह 10 हजार रुपए किस्त ऑटो का उधार चुकाती हूं।



मां का संघर्ष...

### बच्चों का सपना मेरा सपना

मैं अपनी मां के साथ अपने मायके में रहकर काम करती हूं। वर्तमान समय में मुझे जो कुछ भी हासिल हुआ है,वह मेरे मां और भाई के सहयोग से है। मेरी बड़ी बेटी 13 वर्ष की है और छोटा बेटा 12 वर्ष है, दोनों की पढ़ाई का जिम्मा मेरे कंधों पर है। मैं अपने बच्चों को एक अच्छे मुकाम पर देखना चाहती हूं, बड़े होने के बाद उनके सपनों को पूरा करना चाहती हूं।

## दो साल पहले बिखर गया था परिवार, मेहनत से संवारा



मां अपने बच्चों की खुशी के लिए क्या नहीं करती, जब बात बच्चों पर आए तो मां संसार की सभी मुश्किलों का सामना कर सकती है। आज मदर्स डे पर हम कुरुद के नजदीक एक छोटे से गांव में रहने वाली महिला की बात करने जा रहे हैं। प्रति गोस्वामी ने कथक नृत्य के सहारे अपने बच्चों का पालन पोषण करने की सोची। महिला ने बताया, साल 2020 में मेरा परिवार बिखर गया। हार्ट अटैक से मेरे पति की अचानक मृत्यु के बाद मेरे बच्चों के सिर से पिता का साया हट गया। हादसे के बाद तीन माह तक मुझे नींद की दवा के सहारे संभाला गया। उस वक्त मेरे बच्चों की उम्र 10 और 6 साल थी, जिनकी पूरी जिम्मेदारी अचानक मेरे कंधों पर आ गई।

### रोजाना कुरुद से रायपुर तक बस में सफर

साल 2020 के हादसे के बाद 8 माह बच्चों के साथ वक्त बिताया, जिसके बाद लगातार 3 साल कुरुद से रायपुर बस में सफर कर केवल 7 बच्चों को कथक नृत्य सिखाने पहुंची। 7 बच्चों की फीस से मेरे बच्चों की स्कूल फीस, घर का राशन, बच्चों का खर्च निकालना काफी मुश्किल रहा। बुरे वक्त में मां और भाई का साथ काम करने के लिए प्रेरित करता रहा। वर्तमान समय में स्कूल के कथक टीचर के हूं, जिससे मैं अपना और अपने बच्चों का खर्च निकाल रही।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने क्लब की शुरुआत

मदर्स डे के प्री-सेलिब्रेशन के लिए शहर की महिलाओं द्वारा आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वर्ग की महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से क्लब की शुरुआत की गई। क्लब द्वारा महिलाएं के लिए हर माह कार्यक्रम का आयोजन कराया जाएगा, जिसमें महिलाओं के कौशल विकास पर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान क्लब की संस्थापक मानवी दरियानी, सह संस्थापक अदिति शाह और निदेशक दिशा बग्गा जग्गी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से की गई, इस दौरान महिलाओं ने फिल्मी गानों पर प्रस्तुति दी।





### उद्घाटन समारोह में शामिल हुआ महिलाओं का समूह

मामा गिग्स क्लब द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन शहर स्थित मैग्नेटो मॉल में आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि संजना उपाध्याय और फूड ब्लॉगर आकृति अग्रवाल मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान क्लब द्वारा महिलाओं की सम्मान किया गया।

### महिलाओं को सशक्त बनाने का उद्देश्य

क्लब की संस्थापक मानवी दरयानी ने बताया, क्लब संचालित करने का मुख्य उद्देश्य घर पर मौजूद महिलाओं को सशक्त बनाना है। इसमें महिलाओं को सही लाइफ स्टाइल, आत्मनिर्भर बनाने विभिन्न कार्यों की जानकारी दी जाएगी। उद्घाटन समारोह में 30 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान क्लब की महिलाओं के लिए हर माह वर्कशॉप करने की घोषणा की।

## आज स्वस्थ रहेंगे, तभी हर परिस्थिति से लड़ पाएंगे

रायपुर। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज द्वारा मैक सॉलिटेयर निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सर्वांगीण विकास करना है। जहां 18 वर्ष से अधिक युवतियों एवं महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान सोशल मीडिया का सही प्रयोग, आहार एवं पोषण का उपयोग, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, हेयर स्टाइल, सरकारी नीतियां, महिला अधिकार जागरूकता, हस्तकला, डिजिटल मार्केटिंग, पाककला, योग, व्यक्तित्व विकास, साइबर अपराध एवं सुरक्षा, लाइफ स्टाइल और जुम्बा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोजाना 4 बजे से कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाएं शामिल हो रही हैं।





### महिलाओं को बताया डिजिटल मीडिया का प्रयोग

*शनिवार को महाविद्यालय के सभागार में गौरव नवानी द्वारा ई-कार्ड की जानकारी महिलाओं को दी गई। इस दौरान ई-कार्ड के प्रयोग से विभिन्न कार्ड की सजावट करने की प्रक्रिया साझा की गई। कार्यशाला में अनमोल देवांगन द्वारा डिजिटल मीडिया संबंधित जानकारी दी गई, जिसमें इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्स एप, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब और स्नैपचैट का सही उपयोग की जानकारी दी गई।*

## सदाबहार नगमों से सजी शाम पुराने गीतों ने किया मंत्रमुग्ध



रायपुर। जय-जय शिवशंकर,कांटा लागे ना कंकर,....ये तेरा घर ये मेरा घर...हर जनम में हमारा मिलन...धीरे-धीरे बोल कोई सुन ना ले...जैसे सदाबहार गीत कार्यक्रम के दौरान सुनने को मिले। शहर स्थित मायाराम सुरजन हॉल में शनिवार को कपल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में शहर के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी।

### पुराने सुमधुर गीतों पर झूमे दर्शक

कार्यक्रम में कमल बड़वानी, डॉ. रितु दीपक श्रीवास्तव, मंजू भानू लुनिया, रेखा विजय पंचवानी, दीप्ति राहुल सिन्हा, ज्योति सुनील कोरी, संगीता प्रदीप देवांगन समेत अनेक गायकों के 20 से अधिक समूह ने लगातार लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। कपल म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति के दौरान दर्शक अपने पनपसंद गानों पर झूमते नजर आए। संगीत संध्या में संस्था के संस्थापक कमल बड़वानी और डायरेक्टर घनश्याम शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### रोजाना सीधे धूप झेलने की वजह से पूरी तरह से सूख जाते हैं पौधे, ग्रीन नेट से मिल रही छांव

# पौधों को झुलसने से बचाने गार्डन में लगा रहे ग्रीन नेट, पांच डिग्री तक कम हो रहा तापमान

**मई महीने की शुरुआत से गर्मी अपने चरम पर है। तेज धूप की तपन तो अब मनुष्य नहीं सह पा रहा है। ऐसी झुलसा देने वाले तेज धूप में छोटे पौधों को भी सीधे धूप सहना पड़ता है।**

**रायपुर।** सूरज की तेज किरणें पानी को सोख लेती हैं, जिससे पौधे मुरझा जाते हैं। यदि ऐसे समय में इनकी देखभाल नहीं की गई और इन्हें पानी नहीं मिला तो पौधे मर भी जाते हैं, लेकिन अब तेज धूप से इन पौधों को बचाने के लिए बाजार में ग्रीन नेट का विकल्प आ चुका है, जिसे प्रकृति प्रेमी घर के टेरिस गार्डन में लगा रहे हैं, ताकि पौधे तेज धूप में बच सकें और छाया में रहें तथा अच्छे से फलते-फूलते रहें। वर्तमान में ग्रीन नेट की मांग भी बाजार में काफी बढ़ गई है। रोजाना सीधी धूप झेलने की वजह से पौधे पूरी तरह से सूख जाते है और फिर से इसमे हरियाली आना संभव नहीं हो पाता है।



### घरों और टेनिस गार्डन में बढ़ा इस्तेमाल

गर्मी तेज होने से अब घरों के आंगन में बने गार्डन के साथ ही टेरिस गार्डन में ग्रीन नेट का इस्तेमाल बढ़ गया है। एक्सपर्ट के मुताबिक ग्रीन नेट लगाने के बाद धूप पौधों में छनकर पहुंचती है और इससे उनमें आवश्यक छाया भी बनी रहती है। इसके साथ ही पौधों को गर्मी में भी पनपने के लिए सही वातावरण मिलता है और भीषण गर्मी में भी ये पौधे खूब फलने-फूलने लगते हैं।

### पांच डिग्री तक पड़ता है फर्क

दुकानदार शेखर वर्मा का कहना है कि ग्रीन नेट का एक बड़ा फायदा ये है कि इसे लगाने से जितने स्थान तक उसकी छाया पहुंचती है, वहां का तापमान कम से कम पांच डिग्री तक कम हो जाता है, जो इस भीषण गर्मी में राहत देता है। साफ है कि यह पौधों के लिए संजीवनी साबित होती है, क्योंकि यह पानी के रूप में पड़ी नमी को भी सोखने नहीं देता है और इस नमी को पानी के रूप में पौधे लेते हैं और तेज गति से विकसित होते हैं। जिन घरों में गार्डन या ज्यादा पौधे नहीं हैं, फिर भी वे ग्रीन नेट का सहारा लेते हैं। खासतौर से ऐसे घर, जहां पर दिनभर सीधे धूप पड़ती है, उनके घर के अंदर का तापमान बढ़ जाता है। ऐसे स्थिति में ग्रीन नेट लगाने पर तापमान में कमी आ जाती है और रहवासियों को राहत मिलती है।



**सिटी लाइव**

## अम्लेश्वर में 27 से श्री शिव महापुराण श्रोताओं के लिए बनेंगे भव्य पंडाल



**रायपुर।** महादेवघाट से सटे अम्लेश्वर में 27 मई से 2 जून के बीच विशाल धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। थाने के सामने 57 एकड़ एरिया में 5 लाख से ज्यादा कथा श्रोताओं को भव्य पंडाल में बैठक व्यवस्था देने की तैयारी है। कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) से कथा सुनने रायपुर व दुर्ग सीमा यानी अम्लेश्वर में श्रोताओं के समागम से जनसैलाब उमड़ेगा। लोगों के लिए भव्य एल्युमिनियम और डोम पंडाल बनेगा। इसमें गर्मी से राहत देने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। शनिवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी आयोजक पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल और मोनू साहू ने दी। उन्होंने बताया कि यह पहला प्रयास है, इसमें कोई चूक नहीं हो, इसके लिए बड़े आयोजकों से सलाह भी ले रहे हैं।

### आज कार्यालय का उद्घाटन

आयोजकों ने बताया कि महादेवघाट के पास शिव कथा का अवसर हमारे लिए सौभाग्य की बात है। रविवार को दोपहर 1 बजे लोकसभा प्रत्याशी एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में कथास्थल के पास कार्यालय का उद्घाटन होगा। इसके बाद बड़े आयोजकों के साथ संयुक्त बैठक होगी, इसमें आयोजन को सफल एवं भव्य स्वरूप देने के लिए किस तरह की तैयारी होनी चाहिए, श्री शिव महापुराण कथा में श्रोताओं को भीड़ को देखते हुए सुरक्षा पुख्ता करने को लेकर चर्चा होगी। हमने भी वॉलंटियर्स तैनात करने का निर्णय लिया है।

● अक्षय तृतीया के बाद मंदिरों में भगवान को गर्मी से बचाने कपड़े से लेकर भोग तक में किया बदलाव

# गर्मी में भगवान को लगा रहे चंदन का लेप, ठंडक के लिए पहनाए सूती वस्त्र, भोग में सत्तू और ठंडाई

"भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए मंदिरों में भी भगवान को गर्मी से बचाने के उपाय किए जा रहे हैं। अब भगवान को भी शीतलता प्रदान करने के कार्य किए जा रहे हैं। भगवान की प्रतिमाओं को सूती वस्त्र धारण कराया जा रहा है। भगवान को पुजारियों द्वारा चंदन का लेप लगाया जा रहा है। इसके अलावा भोग भी मौसम के हिसाब से बदल गया है।"



### भगवान को लगा रहे चंदन का लेप

दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम और बालाजी को गर्मी में शीतलता प्रदान करने चंदन का लेप लगाया जा रहा है। सुबह और शाम के वक्त चेहरे में समस्त देवी-देवताओं की प्रतिमा में चंदन लगा रहे हैं। इसके अलावा शाम के वक्त ठंडाई का भोग लगाया जा रहा है। यह ठंडाई जड़ी-बूटी की मदद से बनाई जाती है, जो गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाता है। मंदिर में गर्मी को देखते हुए एसी व कूलर चालू कर दिए हैं। मंदिरों में भक्तों के लिए कूलर, प्याऊ लगाए गए हैं।



**रायपुर।** देवी मंदिरों में माता को बेल का जूस, छाछ, दही, लस्सी, श्रीखंड, गन्ने का रस, तरबूज, खरबूज, मौसंबी, संतरे, सत्तू का भोग लगाया जा रहा है। ठंडता के लिए खासतौर पर चंपा-चमेली, मोगरे के फूलों के अलावा मोती के आभूषणों से श्रृंगार किया जा रहा है। दर्जनभर से अधिक मंदिरों में भगवान के समक्ष 24 घंटे एसी-कूलर, पंखे चलाए जा रहे हैं। जैतूसाव व दूधाधारी मठ में सूती वस्त्र धारण कराकर शीतलता प्रदान की जा रही है। डगनिया स्थित शिव मंदिर और बूढ़ेश्वर मंदिर में घड़े में पानी रखा जा रहा है। मंदिरों के पट खुलने का समय भी बदला है।

### दिनभर चल रहा गर्भगृह में एसी

शहर की तेज गर्मी से भगवान की सेहत न बिगड़ जाए, इसका मंदिरों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जैतूसाव मठ के अजय तिवारी ने बताया कि भगवान को सत्तू का जूस दिया जा रहा है। गेहूं, चना और ज्वार का पाउडर बनाकर ठंडाई बनाकर भोग लगाया जा रहा है। भगवान को सफेद सूती वस्त्र धारण कराए जा रहे हैं। मंदिर के गर्भगृह में दिनभर एसी चलाया जा रहा है।

### भगवान को पहनाए जा रहे सफेद वस्त्र



गोपाल मंदिर में भगवान के कक्ष में दिन में बाहर से आने वाली गर्म हवा से बचाने के लिए पर्दे लगाए गए हैं। पूरे दिन कूलर व एसी चल रहे हैं। शीतल पदार्थों का भोग लगाया जा रहा है। पतले स्तर वाले वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। सत्तू के लड्डू, ठंडा दूध, माखन-मिश्री, फलों का रस, दही, छाछ आदि का भोग लगाया जा रहा है। चंदन का लेप भी लगाया जा रहा है। घड़े में पानी रखा गया है।

**धर्म लाइव**

## महोत्सव में उगादी गीत ने मोहा मन खेल में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा



**रायपुर।** तिरूमला तेलगू महिला समाज द्वारा उगादी महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वालित कर की गई। गणेश स्तुति बी उषा व गणेश वंदना एम भवानी द्वारा किया गया। तिरुमाला तेलगु महिला समाज की कमेटी मेंबर्स मीनाक्षी, के शारदा, ओ राजेश्वरी व गुना राव ने स्वागत गीत और उगादी गीत कि प्रस्तुति देकर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि प्रतीक्षा बघेल ने समाज कि महिलाओ का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान उन्होंने सभी महिलाओ से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में ग्रुप डांस प्रतियोगिता में ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

### तालपुरी डांस ग्रुप प्रथम विजेता

तालपुरी ग्रुप एस भावना, के अन्नपूर्णा, जे दीपिका टी वीणा, एस उमा माहेश्वरी, पदमा बाबू तालपुरी डांस ग्रुप विजेता होकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ग्रुप डांस में सेक्टर 4 के शारदा, एस कलावती, लक्ष्मी, एम पदमा पी जया और पूजा रहीं। तृतीय ग्रुप डांस में चरोदा कि मीनाशी, एम सुनीता,वी राजेशवरी,एस उपासना,एम भागलशमी, चतुर्थ स्थान सेक्टर 1 को मिला। जज के रुप में डॉ नेहा गुप्ता ने सभी प्रतिभागी और तेलगु समाज के संस्कृति कि प्रशंसा की। कार्यक्रम के संचालन एम पुनियावती ने किया।

**बीएड के विद्यार्थियों ने जाना संस्कृत का इतिहास**

## प्राचीन से लेकर आधुनिक समय तक नेशनल प्रोसेसिंग लैंग्वेज में संस्कृत की भी भूमिका



**रायपुर।** बीएड के विद्यार्थियों में देव भाषा संस्कृत के प्रति रुझान एवं जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय भाषाओं की जननी संस्कृत और उसका वैज्ञानिक महत्व था। जिसमें संस्कृत के इतिहास से लेकर वर्तमान समय में इसके महत्व विषय में सभी आवश्यक जानकारियां डॉ लक्ष्मी वर्मा द्वारा दी गई। एक दिवसीय व्याख्यान को आयोजित करने का उद्देश्य शिक्षा विभाग के विद्यार्थी जो अब विभिन्न संस्थाओं में जाकर अध्यापन कार्य करेंगे उनके द्वारा संस्कृत का व्यापक प्रचार प्रसार करना था। पीपीटी के माध्यम से संस्कृत के व्याकरण इसका प्रयोग वेद, उपनिषद, संख्या सहित विभिन्न दर्शनों एवं आयुर्वेद, गणित, रसायन में प्रयोग करके एक परिपक्व भाषा के रूप में कैसे प्रस्तुत हुआ है यह बताया गया। प्राचीन समय से लेकर वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेशनल प्रोसेसिंग लैंग्वेज में संस्कृत की क्या भूमिका है इस पर भी व्यापक चर्चा की गई।



### जीवन जीने की कला को सौंदर्य प्रदान करती है संस्कृत

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अर्चना झा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमको अपनी जड़ों से जुड़े हुए रहना आवश्यक है तभी हम अपने वर्तमान को मजबूत कर सकते हैं जिससे वक्त की आंधी हमें उखाड़ नहीं सकती। हम अपने आप को संस्कृत जैसी समृद्ध व विकसित भाषा से जोड़कर वर्तमान को बेहतर और भविष्य को बेहतरीन बना सकते हैं। संस्कृत में उन सभी आवश्यक तत्वों का समावेश है जो हमारे जीवन जीने की कला को सौंदर्यता प्रदान करती है महाविद्यालय के डीन एकेडमी डॉक्टर जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि शुरुआत में हमें संस्कृत भाषा बोलने और लिखने में कठिनाई जरूर महसूस होगी, लेकिन लगातार प्रयोग से हम इसमें महारत हासिल कर सकते है। इस व्याख्यान में शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## किसी भी देश का आर्थिक विकास उसके वातावरण पर निर्भर करता है



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'विकसित भारत 2047-अ चैलेंजिंग रिजॉल्यूशन' रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा और विशेष अतिथि रविवि के प्रो. रविंद्र ब्रह्मे रहे। उनके द्वारा विषय संबंधित विभिन्न जानकारी एवं प्रतिभागियों के 100 शोध सारांश का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की योजना विकसित भारत 2047 को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिकुलाधिपति हर्ष गौतम, समाज विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता डॉ. अवधेश्वरी भगत, आयोजक सचिव डॉ. अंजली यादव, डॉ. पुष्पा भारती, डॉ. सुजाता घोष, डॉ. चित्रा पाण्डेय, समप्रिती भट्टाचार्य, राजेश तिवारी उपस्थित रहे।

### विकसित भारत पर संगोष्ठी आयोजन

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा, भारत को जानने, समझने के लिए युवाओं को डिग्री प्राप्त करने वाली पुस्तकों के साथ-साथ मानवीय मूल्य, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गरिमा से संबंधित पुस्तकों का भी अध्ययन करने की आवश्यकता है। विकसित भारत का संकल्प सिर्फ आर्थिक विकास ही नहीं, विश्व स्तर पर सुख एवं शांति प्रदान करना भी है। जिसके पश्चात प्रो. रविंद्र ब्रह्मे कहा, देश का आर्थिक विकास उसके सकारात्मक और नकारात्मक वातावरण पर निर्भर करता है। इतिहास में विकास के प्राकृतिक अवसर सभी को प्राप्त हुए हैं और भारत के लिए भी आगामी 30 साल विकसित राष्ट्र बनाने का स्वर्णिम समय है।

**समाज इवेंट**

## खूबियां हमारे अंदर समाहित, इसका समुचित उपयोग करने की जरूरत



**रायपुर।** जय आनंद मधुकर रतन भवन में 1 से 9 मई तक आयोजित श्रमण संघीय जैन संस्कार शिविर में डा श्रेणिक नाहटा व सीए निखिल बाघमार अतिथि वक्ता के रुप में कई प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। बच्चों को ज्ञानवर्धक, जीवन जीने के तरीके अपने आप को स्वस्थ और सुरक्षित रखने व आगे बढ़ने का मार्ग दर्शन दिया बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक अतिथि वक्ताओं से अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त किया। युग देशलहरा भावेश संचेती नव बाफना सिद्धार्थ काकरिया जैनम बाघमार गुंजन नाहर ने भी शिविर को लेकर अपनी बात रखी। श्रमण संघीय जैन संस्कार आवासीय शिविर में पिछले दो दिवस में डा श्रेणिक नाहटा एवं सीए निखिल बाधमार का व्यक्तित्व विकास पर प्रेरक मार्गदर्शन एवं उद्बोधन बच्चों कोआयोजित शिविर में सुनने को मिला। व्यक्तित्व विकास पर सीए निखिल बाधमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए अच्छे बिंदुओं पर अपने विचार रखें।

### व्यक्तित्व विकास पर किया मार्गदर्शन

जब जब हम अनुशासन में रहेंगे, अनुशासित होकर अपना लक्ष्य तय करेंगे तो संसार की कोई भी ताकत हमें जीत दर्ज करने से नहीं रोक सकती। हम बेस्ट हैं यह खूबियां हमारे अंदर समाहित है, बस इसका समुचित उपयोग करने की आवश्यकता है। अपने छोटे-छोटे कार्यों को सिद्ध करते हुए हम सफल हैं, यह हम समाज को बता सकते हैं। आप अपने आप को किसी दूसरी ताकत से काम मत समझो, आपके अंदर भी वह सारी शक्तियां विद्यमान है, जो आपको विजय श्री की ओर अग्रसर करती है। शहर के नामी दंत चिकित्सक और जैन समाज के गौरव डॉक्टर श्रेणिक नाहटा स्वास्थ्य के संबंध को लेकर अपनी बात रखी।

# शोभायात्रा में भगवान परशुराम के वेश में निकले भक्त, राम भजन सुनने उमड़ी भीड़, देर रात तक सजी संगीत की महफिल

**राजधानी में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जगह-जगह आयोजन**

**रायपुर।** 'बैंड-बाजे, ढोल-ताशे की थाप पर झूमने-नाचते सैकड़ों भक्त भव्य शोभायात्रा का हिस्सा बने। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई झांकी में उत्सव का माहौल रहा। भगवान परशुराम का वेश धारण कर भक्त बग्घी पर सवार होकर निकले। शोभायात्रा में भगवान परशुराम के जीवन प्रसंग पर केंद्रित झांकी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं डगनिया स्थित परशुराम मंदिर के 8वें वार्षिक उत्सव की श्रृंखला में शनिवार की रात छत्तीसगढ़ी लोककला मंच से जुड़े वाइस ऑफ छत्तीसगढ़ प्रियेश ने गीत-संगीत से श्रोताओं को खुशनुमा माहौल देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।'





### रथ पर परशुराम की दिव्य छवि



परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 5 बजे बूढ़ापारा स्थित धरनास्थल पर पूजा-अर्चना के बाद किया गया। इससे पहले घोड़ी, बग्घी, बैंड-बाजे व धुमाल के साथ आकर्षक झांकी को सजाया गया। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल हुए। रथ पर भगवान परशुराम के वेश में दिव्य छवि, धुमाल व प्रतिमा से सजी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। लोकनृत्य करते हुए कलाकारों की टोली भी आकर्षण का केंद्र रही। सफल संचालन के लिए वॉलंटियर्स तैनात किए थे।

### इन मार्गों से निकली शोभायात्रा

समाज प्रमुखो में विधायक पुरंदर मिश्रा के अलावा अध्यक्ष ललित मिश्रा, अरुण शुक्ला, सुरेश शुक्ला, शशिकांत तिवारी, लेखमणि पांडे और दिनेश शुक्ला, विनय तिवारी, सुरेश मिश्रा, अरविंद ओझा ने अगवाई की। वहीं जेपी शर्मा ग्रुप ने भजनों और देशभक्ति गीतों से लोगों के बीच गीत-संगीत से समां बांधा। शोभायात्रा कोतवाली, जयस्तंभ, तत्यापारा चौक से होते हुए कंकालीपारा, पुरानी बस्ती थाना से होते हुए वापस आयोजन स्थल पहुची। जहां आराध्य देव की पूजा-अर्चना, आराध्य देव की आरती के बाद ही शोभायात्रा का समापन किया गया।

### नाचा-गम्मत के साथ मनोरंजन



डगनिया चौक स्थित परशुराम मंदिर के सामने सड़क पर सजाए गए मंच पर रात 8 बजे के बाद छत्तीसगढ़ी लोककला मंच लोक संध्या के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शिवांजल शर्मा की अगवाई में उत्सव की श्रृंखला सजाई। इसमें राकेश साहू एवं साथियों ने नाचा-गम्मत के साथ ही गीत-संगीत के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसका लुत्फ उठाने के लिए आसपास के लोग भारी तादाद में मौजूद थे। जगमग जगमग बरे दीयना ओ दाई...गीत की प्रस्तुति को कलाकारों ने नृत्य के जरिए रोचक बनाया।



### ओ रहने वाले अयोध्या के...

वाइस ऑफ छत्तीसगढ़ प्रियेश तांडिया ने ओ रहने वाले अयोध्या...गीत से लोगों को झूमने के लिए मजबूर किया। वहीं एक दौर ऐसा भी आया जब सजा लो घर को गुलशन सा..., गीत पर कलाकारों ने भी मंच पर बेजोड़ प्रस्तुति देते हुए लोगों को उत्सव का माहौल दिया। कार्यक्रम के दौरान राकेश मंडारे व यशवंत ठाकुर ने लोगों के बीच छत्तीसगढ़ी में नाचा-गम्मत के जरिए लोगों को गुदगुदाने का प्रयास किया। वहीं मंच संचालन राकेश साहू और देवेंद्र यादव ने किया। इनके मार्गदर्शन में देर-रात तक गीत-संगीत की महफिल सजी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में एक पारी 12 रन से भिलाई की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट-2024 का आयोजन 8 मई से जारी है। जिसमें दो ग्रुप में विभाजित छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीम हिस्सा ले रही हैं। शनिवार को चौथे दिन ग्रुप बी का पहला चार दिवसीय मैच भिलाई तथा कांकेर के मध्य कांकेर ग्राउंड में खेला गया। जिसमें कांकेर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 124 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 448 रन बनाये। जिसमें गर्व कुमार सिंह ने 147 रन तथा शिवेन्द्र तिवारी ने 114 रनों का योगदान दिया। कांकेर की ओर से ए के नरेती ने 4 विकेट तथा नीतिन सिंह ने 3 विकेट लिए। कांकेर ने अपनी पहली पारी में 89.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 244 रन बनाये। कांकेर की ओर से गजेन्द्र कुमार नाग ने 63 रन, अखिलेश कोरीम ने 54 रन तथा जयंत यादव ने 52 रन बनाये। भिलाई की ओर से कुमार इशान ने 5 विकेट तथा इलेश कुशवाहा ने 3 विकेट लिये। फालोआन खेलने उतरी कांकेर ने अपनी दूसरी पारी में 53 ओवरों में 10 विकेट खोकर 192 रन ही बना पाई। कांकेर की ओर से अखिलेश कोरीम ने 55 रन बनाये। भिलाई की ओर से कुमार इशान ने 3 विकेट तथा इलेश कुशवाहा ने 3 विकेट लिये। भिलाई ने मैच एक पारी तथा 12 रन से जीत लिया।

### अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस में कई उलटफेर



**रायपुर।** स्व. श्री विद्याचरण शुक्ल स्मृति रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता - अंतिम चरण में कई उलटफेर देखने को मिले। प्रतियोगिता में गिरिराज एवं अरविंद कुमार शर्मा, सयान एवं शिरीष देव, शरद शुक्ला एवं मिराज तथा निखिल बानी एवं जतिन सोनी, शैलेश डागा एवं निशांत कानूगा, जे एम राठोड़ एवं राकेश यादव की जोड़ी ने प्रथम तीन स्थान पर सुपर लीग में प्रवेश किया। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा रायपुर जिला के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि) के लिये 8 से 12 मई तक स्प्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर यह प्रतियोगिता जारी है। जिसमें अभी तक प्रथम चरण के ग्रुप ए में 12 युगल एवं ग्रुप बी में 13 युगल के मध्य लीग मैच खेले गए जिसमें से दोनों ग्रुप के प्रथम छह में स्थान प्राप्त युगल ने सुपर लीग में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के मैच प्रतिदिन सुबह खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 12 मई को सुबह 10 बजे आयोजित है। जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष हरजीत होरा करेंगे।

### 10 गोल्ड मैडल जीत कर सब जूनियर महाराष्ट्र की टीम विजेता



**रायपुर।** मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) इंडिया चैम्पियनशिप में चौथे दिन सब जूनियर का यूथ सेमी कॉन्टेक्ट का फाइनल हुआ। जिसमें ओवर ऑल इंडिया चैम्पियनशिप में टीम के अनुसार 10 गोल्ड मैडल जीत कर महाराष्ट्र के बच्चे ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ के बच्चो ने 8 गोल्ड मैडल जीता और तीसरे स्थान पर 7 गोल्ड मैडल जीत कर जम्मू कश्मीर की टीम रही है। इन सभी विजेता खिलाड़ियों को मंच पर एमएमए इंडिया के अधिकारियों ने मैडल सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया। एमएमए सेमीफाइनल फाइनल मैच में सीनियर टीम से 50 खिलाड़ी पहुंचे। जिनमे 16 महिला खिलाड़ी और 34 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी सीनियर खिलाड़ियों का मैच 12 मई को खेला जाएगा। एमएमए इंडिया के सभी बोर्ड के सदस्य, ऑफिशियल, एथलीट कमीशन, तकनीकी टीम और मेडिकल टीम सहित सभी सदस्यों का मंच पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह नेशनल इंटरनेशनल-चैम्पियनशिप में मैडल जीत कर देश नाम रौशन करने वाले महिला पुरुष खिलाड़ियों को भी मंच में मैडल सर्टिफिकेट एवं किट देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## सेहत के नाम पर समझौता बिल्कुल नहीं, सलाह लें विशेषज्ञ की

# फिश ऑयल से विटामिन डी सप्लीमेंट तक इनका अधिक सेवन हो सकता है खतरनाक

बैलेंस डाइट या खाने से विटामिन, मिनरल की कमी पूरी नहीं हो पाती तो सप्लीमेंट का सेवन किया जाता है। फिटनेस इंडस्ट्री में कई तरह के हेल्थ सप्लीमेंट आ रहे हैं। इनका प्रयोग दिन-पर-दिन बढ़ रहा है। जब सप्लीमेंट की बात आती है, तो उनके बेनिफिट / स्वास्थ्य लाभ पर इतना प्रचार होता है कि कोई उनके साइड इफेक्ट की बात ही नहीं करता। उदाहरण के तौर पर बात करें तो आपने हमेशा व्हे प्रोटीन के फायदों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने अधिक व्हे प्रोटीन लेने के साइड इफेक्ट के बारे में सुना है?

शायद नहीं, या फिर 1-2 बार। लेकिन उस पर भी विश्वास नहीं किया होगा। लेकिन यह सही है कि किसी भी चीज का अधिक सेवन करने से उसके नुकसान भी होते हैं। उसी तरह वेटलॉस सप्लीमेंट हो या पुरुषों के लिए हर्बल सप्लीमेंट हो, हर हेल्थ सप्लीमेंट का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इसके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) किसी भी सप्लीमेंट की सेफ्टी और इफेक्टिवनेस के लिए उसकी सर्विंग के लिए जिम्मेदार नहीं होता है। इसके लिए मेकिंग कंपनी ही जिम्मेदार होती है कि उसका सप्लीमेंट पूरी तरह सही हो।

ठीक से उपयोग किए जाने पर कुछ सप्लीमेंट फायदा पहुंचा सकते हैं। लेकिन कुछ सप्लीमेंट की गलत मात्रा शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है।



### विटामिन डी

ह्यूमन बॉडी में 13 एसेंशियल विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन डी भी एक है। अक्सर जो लोग डेस्क जॉब करते हैं उनमें विटामिन-डी की कमी रहती है क्योंकि वे धूप में कम निकल पाते हैं। आपको यह जानकारी तो होगी ही कि विटामिन डी का मुख्य सोर्स सूर्य की रोशनी यानी धूप है। विटामिन डी सप्लीमेंट दो रूपों में उपलब्ध होता है, विटामिन डी 2 (एर्गोकैल्सिफेरोल या प्री-विटामिन डी) और विटामिन डी 3 (कॉलेकैल्सिफेरॉल)। विटामिन डी2 पौधों एवं कवक में पाया जाता है। वहीं विटामिन डी3 मनुष्यों और जानवरों में उत्पन्न होता है। हमारी बॉडी को भी विटामिन डी3 की जरूरत होती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक जो लोग हल्की धूप में रहते हैं, उन्हें 400 आईयू प्रतिदिनविटामिन डी की आवश्यकता होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 600 से 800 आईयू के बीच विटामिन डी की मात्रा लेनी चाहिए। अगर आप बिल्कुल धूप में नहीं निकलते हैं तो यह मात्रा 1,000 **IU** तक पहुंच सकती है। हावर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 19 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए रोजाना रिकमेंडेड मात्रा पुरुषों और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 600 आईयू है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए रोजाना 800 आईयू विटामिन डी लेना बताया गया है। क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, विटामिन डी की अधिक खुराक लेना भी सही नहीं है। स्वस्थ लोगों में 100 नैनोग्राम प्रति मिलीलीटर (एनजी / एमएल) से अधिक विटामिन डी ब्लड लेवल अधिक कैल्शियम अब्जॉर्ब करने लगता है, जिससे मांसपेशियों में दर्द, मूड डिसऑर्डर, पेट दर्द, हड्डी कमजोर और किडनी स्टोन जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। साथ ही यह दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ा सकती है।

विटामिन डी की मात्रा बनाए रखने के लिए दैनिक आहार में सैल्मन मछली, टूना मछली, दूध, मशरूम और फोर्टिफाइड अनाज शामिल करें। 10-15 मिनट कम धूप में भी रह सकते हैं।

### फिश ऑयल सप्लीमेंट

ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर, मछली के तेल / फिश ऑयल को हार्ट डिजीज कम करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में 3 जनवरी, 2019 को पब्लिश हुई स्टडी के मुताबिक ओमेगा-3 फैटी एसिड की खुराक ने मध्यम आयु वर्ग, वृद्ध पुरुषों और महिलाओं में दिल के दौरे, स्ट्रोक या हार्ट डिजीज से होने वाली मौतों को कम करने में बिल्कुल योगदान नहीं दिया था।

ओमेगा-3 की अधिक सर्विंग लेने से हाई ब्लड प्रेशर, नाक से ब्लीडिंग, उल्टी, स्ट्रोक, इन्सोमेनिया, विटामिन ए टॉक्सिसिटी आदि समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए सप्लीमेंट की अपेक्षा मछली, फ्लेक्सीड, प्लांट ऑयल, अखरोट, दूध, दही, सोया प्रोडक्ट आदि का सेवन करें। डब्ल्यूएचओ संयुक्त ईपीए और डीएचए के 200-500 **mg** फिश ऑयल के दैनिक सेवन को रिकमेंड करता है और कोई भी फिश ऑयल सप्लीमेंट की एक खुराक आपको 300 एमजी ईपीए और डीएचए देती है।

### मल्टीविटामिन सप्लीमेंट

हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए न केवल अच्छा भोजन करना, व्यायाम करना और पर्याप्त नींद लेना जरूरी है, बल्कि डेली मल्टीविटामिन-मल्टीमिनरल लेना भी जरूरी है। बदलती लाइफस्टाइल के बीच दैनिक खान-पान से शरीर में विटामिन्स की कमी पूरी नहीं हो पाती। इसलिए मार्केट में कई तरह के सप्लीमेंट मौजूद हैं, जिनमें मल्टी विटामिन टैबलेट या सप्लीमेंट काफी फेमस हैं। जो लोग पर्याप्त मात्रा में हरी सब्जियां, होल ग्रीन, फल आदि का सेवन करते हैं उनमें विटामिन और मिनरल की कमी नहीं होती।



## बढ़ती उम्र में पेट की चर्बी कम करने अपनाएं योग

बढ़ती उम्र में हार्मोनल बदलाव के कारण महिलाओं के शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। चेहरे पर झुर्रियां आने लगती हैं, वजन बढ़ने लगता है और मसल्स और हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। हालांकि, हमेशा जवां बने रहने का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। लेकिन, हां अपने शरीर को शेप में रखने की कोशिश कर सकते हैं। इससे आप खुद का ख्याल रखते हुए जवां महसूस कर सकते हैं।

महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान की पेट की बढ़ती चर्बी से रहती हैं। एब्स को टोन करना सिर्फ इस बात पर निर्भर नहीं करता कि आप कैसे दिखते हैं? पेट की मसल्स आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जरूरी होती हैं। बढ़ती उम्र में मजबूत कोर आपको तनाव या चोट से बचने में मदद करती है। यहां कुछ एब्स वर्कआउट दिए गए हैं, जिन्हें बढ़ती उम्र की महिलाओं को अपने फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। इसकी जानकारी हमें सेलिब्रिटी फिटनेस एक्सपर्ट यास्मीन कराचीवाल के इंस्टाग्राम अकाउंट से मिली है।

### सिंगल लेग स्ट्रेच



पीठ के बल लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर पैरों को जमीन पर रखें। हाथों को सिर के पीछे रखें। सिर, गर्दन और कंधों को जमीन से ऊपर उठाएं। इससे पेट की मसल्स पर प्रेशर महसूस होगा। घुटनों को चेस्ट के पास लाएं। दाएं पैर को सीधा फैलाएं। दोनों हाथों को बाईं पिंडली पर रखें। ऐसा करते समय अंदर वाले हाथ को घुटने और बाहर वाले हाथ को टखने के पास रखें। दूसरे पैर से एक्सरसाइज को दोहराएं। बेहतर रिजल्ट के लिए कम से कम 6-8 रेप्स में करें।

### डबल लेग स्ट्रेच

पीठ के बल लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर पैरों को जमीन पर रखें। गर्दन और कंधों को ऊपर उठाएं। हाथों से अपने सिर को सहारा दें। दोनों पैरों को जमीन से ऊपर उठाएं। घुटनों को चेस्ट की ओर लेकर जाएं। पैरों को ऊपर उठाते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर पीछे की ओर सीधा स्ट्रेच करें। हाथों और पैरों को स्ट्रेच करते समय गहरी सांस लें। सांस छोड़ते हुए हाथों को सिर के ऊपर वापस लाएं। इसे भी 6-8 रेप्स में करें।

### सिंगल स्ट्रेट लेग स्ट्रेच

पीठ के बल लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर पैरों को जमीन पर रखें। सिर, गर्दन और कंधों को चटाई से थोड़ा ऊपर उठाएं। फिर बाएं पैर को ऊपर की ओर सीधा उठाएं। पैर और जमीन के बीच 90 डिग्री की दूरी बनाएं। बाएं पैर उठाते हुए दाएं हाथ को बाएं टखने की ओर ले जाएं। दूसरे हाथ को साइड में रखें। पैर बदलते रहें। इस एक्सरसाइज को 6-8 बार दोहराएं।

### डबल स्ट्रेट लेग स्ट्रेच

जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं। सिर, गर्दन और कंधों को ऊपर की ओर उठाएं। सहारा देने के लिए हाथों को सिर के पीछे रखें। जमीन से 90 डिग्री का कोण बनाए रखते हुए पैरों को सीधा और एक साथ रखें। सांस लेते हुए पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। पैरों को सीधा रखें। अब, सांस छोड़ते हुए पैरों को जमीन की ओर नीचे करें।



## किचन में बैठकर भोजन करने का ज्योतिषीय दृष्टिकोण जरूर जानें



ज्योतिषशास्त्र में न जाने कितने ऐसे नियम बनाए गए हैं जो हमारे दैनिक जीवन से जुड़े हुए होते हैं। ऐसे ही नियमों में से हैं खाने से जुड़ी कई बातें। खाना हमेशा साफ़ तन और मन से खाना चाहिए, भोजन से पहले मंत्रोच्चारण जरूर करना चाहिए, भोजन से पूर्व हमेशा हाथों और पैरों को धोना चाहिए।

ऐसे कई नियम हैं जो हम नियमित भोजन करते समय ध्यान में रखते हैं जिससे इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ सके। एक और सबसे ज्यादा चर्चित सवाल यह उठता है कि क्या किचन में बैठकर खाना खाना ठीक है? जी हां, आज भी कई ऐसे घर हैं जहां लोग किचन में बैठकर भोजन करते हैं या फिर खाने और खाना बनाने का स्थान एक ही जगह पर होता है।

लेकिन अगर हम ज्योतिष की बात करें तो क्या वास्तव में किचन में भोजन करना ठीक है या इसके कोई नुकसान भी हो सकते हैं। इस पर जानकारी दे रहे हैं ज्योतिष अनिल जैन।

### किचन में बैठकर खाना राहु को प्रसन्न करने का तरीका

पहले के समय में लोग किचन में बैठकर ही खाना खाते थे। आज भी यदि हम ग्रामीण परिवेश में जाते हैं तो रसोई घर में ही खाना खाने का प्रचलन है। दरअसल ज्योतिष में इसका बहुत अधिक महत्व है और इसका संबंध राहु ग्रह से माना जाता है।

ऐसा माना जाता है कि राहु यदि अप्रसन्न है तो इसका सीधा असर हमारे जीवन और स्वास्थ्य में पड़ता है। इस ग्रह को शांत करने और खुश करने के लिए रसोई में बैठकर भोजन करने की सलाह

## शिव जी को नारियल क्यों नहीं चढ़ाया जाता?

लोग भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करते हैं। शिवलिंग पर पूजा करते समय लोग कई चीजों को अर्पित करते हैं। बेलपत्र, भांग, धतूरा, आदि भोलेनाथ को अति प्रिय हैं। भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। लोग बेलपत्र, धतूरा, तिल, भांग आदि शिवलिंग पर चढ़ाते हैं, लेकिन ऐसी भी चीजें होती हैं, जिन्हें शिवलिंग पर चढ़ाने से भगवान नाराज भी हो सकते हैं। चलिए जानते हैं कि भगवान शिव पर नारियल क्यों नहीं चढ़ाना चाहिए।

**शिवलिंग पर क्यों न चढ़ाएं नारियल:** पौराणिक कथाओं के अनुसार, शिवलिंग पर आप नारियल अर्पित कर सकते हैं, लेकिन कभी भी शिवलिंग पर नारियल के जल का अभिषेक नहीं करना चाहिए। दरअसल नारियल को देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, जिनका संबंध भगवान वि ष्णुक से है और इसलिलए शिषव जी को यह नहीं चढ़ाया जाता है।

माता लक्ष्मी भगवान विष्णु की अर्धांगिनी हैं और नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है और इसे माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है इसलिए इसका प्रयोग भगवान शिव की पूजा में नहीं होता है।इन चीजों को शिव जी की पूजा में न करें शामिल

भगवान शिव ने शंखचूड़ नाम के एक असुर का वध किया था। वह



भगवान विष्णु का भक्त था। इस कारण से शंख को उसी असुर का प्रतीक माना जाता है और इसलिए विष्णु भगवान की तो पूजा शंख का उपयोग होता है लेकिन भगवान शिव की पूजा में शंख का उपयोग नहीं होता है। भगवान शिव की पूजा करते समय कुमकुम का उपयोग भी नहीं करना चाहिए। यह सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है, लेकिन भगवान शिवजी का एक रूप वैरागी भी होता है। इसलिए शिव जी को कुमकुम नहीं चढ़ाना चाहिए। इसके अलावा तुलसी को भगवान शिव पर चढ़ाना बिलकुल मना है क्योंकि भगवान शिव की पूजा में तुलसी का इस्तेमाल करने से पूजा पूर्ण नहीं मानी जाती है। तुलसी को माता लक्ष्मी का स्वरूप भी माना जाता है इसलिए इसका उपयोग भगवान शिव की पूजा में नहीं करना चाहिए।

## आपके इंट्रोवर्ट होने के कई लाभ, याददाश्त और समस्याओं को सुलझाने में होते हैं अधिक सक्षम

स्वाभाविक रूप से हर किसी का व्यक्तित्व और उसके व्यवहार का तरीका एक दूसरे से भिन्न हो सकता है। कुछ लोग, दूसरों से मिलने-जुलने, बातचीत करने और आपसी संबंध बनाने में काफी सहज होते हैं, जबकि कुछ लोगों के लिए यह काम काफी कठिन हो सकता है। जब आप इंट्रोवर्ट शब्द सुनते हैं, तो आप किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोच सकते हैं जो शर्मीला या शांत है और अकेला रहना पसंद करता है। हालांकि उनका व्यक्तित्व इससे अलग बहुत कुछ हो सकता है। इसके बारे में मनोवैज्ञानिकों की भी अलग-अलग थ्योरी है। साल 1920 में कार्ल जंग नाम के एक मनोवैज्ञानिक ने इंट्रोवर्ट और एक्स्ट्रोवर्ट शब्दों का उपयोग करना शुरू किया। जंग ने बताया कि अमेरिका में करीब एक तिहाई लोग इंट्रोवर्ट हो सकते हैं। हालांकि अध्ययनों में यह स्पष्ट नहीं है कि किन कारणों से आप इंट्रोवर्ट या एक्स्ट्रोवर्ट होते हैं। इंट्रोवर्ट लोगों के दिमाग की स्थिति को लेकर शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया जिसमें पाया गया कि इंट्रोवर्ट लोगों में ब्रेन कैमिकल और मैसेंजर भी अलग तरह से व्यवहार करता है। इंट्रोवर्ट लोगों का दिमाग, एक्स्ट्रोवर्ट लोगों की दिमाग की तुलना में डोपामाइन पर अलग तरह से प्रतिक्रिया करता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
7067183593
6263818152

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
ROOM POOL FOOD
Book Now
KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
Mango Sheetal Cooler का विशाल शो-रूम
रूम, हॉल, वर्कशाप, गोडाउन, इण्डस्ट्रीयल एवं टेन्ट कूलर
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

संजय रुई भंडार
9827976266, 7987918262

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 7067183593, 6263818152

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फैंस के लिए खुशखबरी, काम करेंगे पीटर



'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के प्रशंसकों के लिए कुछ अच्छी खबर है। वार्नर ब्रदर्स लॉर्ड ऑफ द रिंग्स फिल्मों के एक नए बैच पर काम कर रहे हैं। पहली फिल्म, जिसका अस्थायी नाम 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है। वे इस फिल्म को साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। गॉलम के प्रशंसक उनके इर्द-गिर्द घूमती फिल्म मिलने की खबर से रोमांचित हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब स्क्रिप्ट निर्माण के शुरुआती चरण में है। एंडी सर्किस निर्देशक पीटर जैक्सन के साथ इस फीचर में अभिनय और निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सीईओ डेविड जैस्लाव ने गुरुवार को कहा कि मूल 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के फिल्म निर्माता पीटर जैक्सन और उनके साथी फ्रैन वॉल्श और फिलिपा बॉयन्स फिल्म का निर्माण कर रहे हैं और वे हर कदम पर उनके साथ शामिल होंगे। फ्रैन और फिलिपा पटकथा लिखेंगे, वहीं पीटर परियोजना का निर्माण करेंगे। अभी इस फ्रेंचाइजी में दो फिल्में बनने की उम्मीद है।

गुरुवार की सुबह वार्नर ब्रदर्स की एक प्रेस विज्ञप्ति में स्टूडियो ने खुलासा किया कि फिल्म का कार्यकारी शीर्षक 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है और इसका निर्देशन सर्किस द्वारा किया जाएगा और इसमें उनकी मुख्य भूमिका होगी। फिल्म का कार्यकारी निर्माण केन कमिंस द्वारा किया जाएगा, जिसमें सर्किस और द इमेजिनेरियम के जोनाथन कैवेंडिश शामिल होंगे। वहीं बात करें मूल फिल्म की तो 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' जेआरआर टॉल्किन की पुस्तक सीरीज पर आधारित एक फिल्म फ्रेंचाइजी है। पीटर के मूल देश न्यूजीलैंड में एक साथ तीन फिल्मों की शूटिंग हुई। 'द फेलोशिप ऑफ द रिंग' 2001 में रिलीज हुई, 'द टू टावर्सट 2002 में और ट' रिटर्न ऑफ द किंग' 2003 में रिलीज हुई। ये फिल्में 1999-2000 के बीच शूट की गई थीं।

### टॉलीवुड

## पृथ्वीराज की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' आ रही 16 मई को



सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' 16 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। शुक्रवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे फैंस काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसका निर्देशन विपिन दास ने किया हैं, जो इससे पहले फिल्म 'जया जया जया जया हे' को डायरेक्ट कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण ई4 एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' की कहानी दीपू प्रदीप ने लिखी है। पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा बेसिल जोसेफ, निखिला विमल, अनस्वरा राजन और जगदीश भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शादी पर केंद्रित है। यह एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है। पृथ्वीराज को उम्मीद है कि उनकी यह फिल्म भी अच्छा प्रदर्शन करेगी और लोग इसे पसंद करेंगे।

कुछ दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था, पृथ्वीराज सुकुमारन और ममूटी जल्द ही एक फिल्म में नजर आएंगे। यह एक थ्रिलर फिल्म हो सकती है। इस खबर से दोनों के फैंस काफी ज्यादा उत्साहित नजर आए थे। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि इस फिल्म को कोई नया निर्देशक बनाएगा।

### भोजपुरी

## आ रही है स्मृति सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'चटोरी बहू'




स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में भोजपुरी फिल्म में धमाल मचाने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग जौनपुर के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म में जय यादव भी हैं । एक्ट्रेस ने कहा- फिलहाल फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मजा आ रहा है। भोजपुरी सिने वर्ल्ड की बेहतरीन अदाकाराओं में से एक स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में बड़े पर्दे पर नज़र आने वाली हैं। आधी आबादी और सामाजिक परिदृश्य की कहानी पर बनने वाली फिल्म में उनके साथ सुपर स्टार जय यादव भी प्रमुख भूमिका में हैं और इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों जोर-शोर से चल रही है। फिल्म की शूटिंग जौनपुर के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म के संदीप सिंह और नीलाभ तिवारी हैं और निर्देशक इश्तियाक़ शेख़ (बंटी) हैं। फिल्म में किरण यादव भी एक महत्वपूर्ण किरदार में होंगी।फिल्म को लेकर जय यादव ने कहा कि 'चटोरी बहू' शानदार स्क्रिप्ट पर बनने वाली फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और हम सभी इसको बेहद इंजॉय कर रहे हैं। मुझे इस फिल्म की कहानी ने पहली दफे में आकर्षित कर लिया था, जिसके बाद मैंने इसको करने का फैसला लिया था और आज यह फ्लोर पर है। इसकी बेहद ख़ुशी है। बस मैं अपने फैंस और दर्शकों से यही उम्मीद करूंगा कि वे हमारी फिल्म को रिलीज होने के बाद खूब प्यार और आशीर्वाद दें।

इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि घर - परिवार में अक्सर चटोरी बहू के किस्से सुनने को मिलते हैं।

## महासागरों के जीवों की चिंता

पेरिस में प्रख्यात डिजाइनर अलेक्जेंडर मैकक्वीन ने स्प्रिंग/समर शो के दौरान महासागरों के नीचे पानी की दुनिया पर ग्लोबल वार्मिंग के पड़ते असर पर दुनिया का ध्यान खींचा है। मैकक्वीन की मॉडल्स ₹सिंथेटिक ओशन₹ नाम के इस संग्रह में ₹कारपेस₹ नियोप्रीन पोशाकें पहनी हुई थी, जो पानी के नीचे के जीवों को बचाने का संदेश दे रही थीं।






लाइफ स्टाइल

## चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाती है आईब्रो। ऐसे में जरूरी है कि इन्हें घना करने के लिए हमें भी कुछ तरीकों को ट्राई करना चाहिए। हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं। वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर



भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

## सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज को करें स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत




स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन

आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।

## छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के ये खूबसूरत डिजाइंस, अपनाएं

स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने लुक में तरह-तरह के बदलाव करते हैं। वहीं आउटफिट को चुनने के बाद बारी आती है स्टाइलिंग करने की। बता दें कि स्टाइलिंग करने के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद अहम होता है और इसके लिए आपको अपने आउटफिट के साथ-साथ फेस शेप का भी मालूम होना जरूरी होता है। चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर



आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी, होगी तारीफ

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में



मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं।

कार्नर न्यूज

### घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है

## फटे-पुराने कपड़ों को फेंके नहीं, घर सजाने के लिए ऐसे करें इस्तेमाल

*घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है। आप घर की सजावट जैसे कामों के लिए पुराने कपड़े इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल कोई भी कपड़ा खरीदना हो उसकी कीमत बहुत ज्यादा होती है। यही कारण है कि फटे और पुराने कपड़ों को फेंकते वक्त लोगों को बहुत दुख होता है। पुराने कपड़ों का फेंकना गलत भी है, क्योंकि आप उन्हें घर के अलग-अलग कामों के लिए यूज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे आप पुराने कपड़ों से घर को खूबसूरत लुक दे सकते हैं।*



### पुराने कपड़ों से बनाएं शोपीस

घर पर मौजूद पुराने कपड़ों से आप शोपीस तैयार कर सकते हैं। शोपीस बनाने के लिए आपको चाहिए एक खाली बोतल। बोतल को ऊपर से काट दें, ताकी उसका मुंह बड़ा हो जाए। अब बोतल को किसी कपड़े से कवर करें और अलग-अलग रंग के कपड़ों को काटकर फूल जैसे डिजाइन बनाकर बोतल पर लगाएं। आप बोतल पर घर में मौजूद एक्स्ट्रा बटन और स्टोन भी लगा सकते हैं। इस डेकोरेटेड बोतल को आप फ्लावर पॉट या पेन स्टैंड की तरह यूज कर सकते हैं।

### खराब कपड़ों से बनाएं कुशन कवर

खराब कपड़ों से आप कुशन कवर भी बना सकते हैं। जैसे शर्ट और लांग सकर्ट को बराबर काट कर और चारों तरफ से सिलकर आप कुशन का कवर तैयार कर सकते हैं। वहीं, अगर आपके पास कुशन कवर है, तो आप शर्ट के बटन आदी लगाकर कुशन के कवर को सजा सकते हैं।

### पुराने कपड़ों से बनाएं वॉशिंग मशीन का कवर

घर में रखी वॉशिंग मशीन अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप पुराने कपड़ों से वॉशिंग मशीन कवर बना सकते हैं। वाशिंग मशीन का कवर चूहों की समस्या से भी वॉशिंग मशीन को सुरक्षित रखता है।



### पुराने कपड़ों से दरवाजों को सजाएं

इन सभी टिप्स के अलावा आप घर के दरवाजों के हैंडल को खास लुक देने के लिए भी पुराने कपड़ों को यूज कर सकते हैं। हैंडल का कवर बनाने से दरवाजा साफ भी रहेगा और थोड़ा अलग भी दिखेगा।